


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शुक्रवार 30 जनवरी 2026 ■ माघ शुक्ल पक्ष -13 ■ वर्ष -41 ■ अंक-300 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 31 जनवरी 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये










## 8 लाख के इनामी 4 नक्सलियों ने डाले हथियार

**सुकमा,30 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद की कमर लगातार टूट रही है. नक्सल संगठन को फिर बड़ा झटका लगा है. सुकमा जिला मुख्यालय में शुक्रवार को 8 लाख रुपए के इनामी 4 नक्सलियों ने हथियार के साथ पुलिस अधिकारियों के समक्ष सरेंडर किया है, इनमें एसीएम रैंक के नक्सली शामिल हैं. सरेंडर करने वालों में 2 महिला नक्सली हैं. इस दौरान रायफल व एम्युनेशन जमा किया गया है. ये सभी गोलापल्ली, कोंटा और किस्टाराम क्षेत्र में सक्रिय थे. यह आत्मसमर्पण सुकमा पुलिस और अल्लूरी सीताराम राजू (आंध्र प्रदेश) पुलिस के संयुक्त प्रयासों का प्रत्यक्ष परिणाम बताया जा रहा है. यह पूरी कार्रवाई राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी ''पूना मारगेम – पुनर्वास से पुनर्जीवन'' अभियान के तहत हुई है, जिसका उद्देश्य हिंसा का रास्ता छोड़ने वाले माओवादियों को मुख्यधारा से जोड़ना है. पुलिस और प्रशासन ने इस अवसर पर अन्य नक्सलियों से भी अपील की है कि वे हथियार डालें, आत्मसमर्पण करें और सरकार की पुनर्वास नीति का लाभ उठाकर सामान्य जीवन की ओर लौटें.

## राजिम मेला क्षेत्र में 15 दिनों के लिए शराब और मांस-मटन की बिक्री बंद

**राजिम,30 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के प्रयागराज कहे जाने वाले राजिम में आज से 15 दिवसीय 'राजिम कुंभ कल्प 2026' में देशभर के साधु-संतों और लाखों श्रद्धालुओं की आमद को देखते हुए राज्य सरकार ने कड़े फैसले लिए हैं, ताकि मेले की पवित्रता बनी रहे। मेला क्षेत्र की गरिमा और धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए प्रशासन ने निम्नलिखित प्रतिबंध लगाए हैं,राजिम कुंभ कल्प से लगे जिलों और आसपास की सभी शराब दुकानें अगले 15 दिनों तक पूरी तरह बंद रहेंगी।मेला क्षेत्र के दायरे में किसी भी तरह के मांस-मटन की बिक्री और वध पर पूर्ण प्रतिबंध लागू कर दिया गया है।

## पीटी उषा के पति श्रीनिवासन का निधन

**नई दिल्ली,30 जनवरी।** भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य पीटी उषा के पति वी श्रीनिवासन का निधन हो गया है। उन्होंने शुक्रवार तड़के अंतिम सांस ली। पारिवारिक सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है। खबर सुनते ही पीएम मोदी ने पीटी उषा से बात की और दुख की इस घड़ी में उन्हें ढांढस बंधाया।

# ज्यादा बात करना है तो बाहर निकल जाएं

**नई दिल्ली,30 जनवरी।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में बातचीत कर रहे कुछ सदस्यों को टोकते हुए कहा कि उन्हें यदि लंबी वार्ता करनी है तो सदन से बाहर जाकर करनी चाहिए। प्रश्नकाल के दौरान बिरला ने कहा कि वह देख रहे हैं कि कुछ सदस्य लगातार एक दूसरे से बातचीत कर रहे हैं और व्यवधान पैदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'इस तरह का व्यवहार सदन की मर्यादा और गरिमा के विरुद्ध है। जो सदस्य लंबी बातचीत करना चाहते हैं वह लोकसभा कक्ष से बाहर जाकर बातचीत कर सकते हैं।' अध्यक्ष ने कहा कि सदन में संक्षिप्त बातचीत तो की जा सकती है, लेकिन लंबी-लंबी वार्ताओं की अनुमति नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि आगे से वह बातचीत करने वाले सदस्यों के नाम आसन से पुकारेंगे।

बिरला ने कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल का नाम पुकारते हुए कहा कि वह अपने साथी सांसदों से बातचीत नहीं करें। इससे पहले प्रश्नकाल शुरू होने पर बिरला ने यह भी कहा कि अब से वह प्रयास करेंगे कि सदन में प्रश्नकाल में सूचीबद्ध सभी 20 प्रश्न पूछे जा सकें। जब कुछ सदस्यों ने



### सांसदों पर नाराज हुए ओम बिरला

पूरक प्रश्न पूछने की मांग की तो बिरला ने कहा कि इस तरह वह सभी सदस्यों को पूरक प्रश्न पूछने की अनुमति देंगे तो जिन सदस्यों के प्रश्न सूचीबद्ध हैं, उनके साथ अन्याय होगा। प्रश्नकाल के बाद बिरला ने इस बात का उल्लेख किया कि सदस्यों को आर्थिक समीक्षा की डिजिटल प्रति उनके व्हाट्एसप पर भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि तकनीकी रूप से कई परिवर्तन किए गए हैं जो आने वाले समय में नजर आएंगे।

बिरला ने जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके को जेब में हाथ डालकर बोलने पर टोका को सांसद कांग्रेस सांसद के सी वेणुगोपाल को साथी सांसदों से बात करने से भी रोका। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान जब एक सवाल का जबाब देने के लिए जनजातीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके खड़े हुए तो वह जेब में हाथ डाले हुए थे। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ने सख्ती दिखाते हुए कहा कि मंत्रीजी जेब में हाथ डालकर मत बोलिए। मंत्री ने इसे स्वीकार किया और जेब से हाथ निकाल कर अपना जबाब पूरा किया।


## महिला कांग्रेस की पूर्व जिलाध्यक्ष पर जानलेवा हमला

**कबीरधाम,30 जनवरी।** जिले में महिला कांग्रेस की पूर्व जिलाध्यक्ष गंगोत्री योगी पर उनके ही सगे भाई ने जानलेवा हमला कर दिया. आरोपी भाई ने सब्जी काटने वाले हंसिया से ताबड़तोड़ वार कर गंगोत्री योगी को गंभीर रूप से घायल कर दिया. घायल अवस्था में गंगोत्री को आनन-फानन में कवर्धा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यह घटना 27 जनवरी की शाम पिपरिया थाना क्षेत्र के ग्राम मोहगांव की है. गंगोत्री योगी पारिवारिक कार्यक्रम में अपने बड़े भाई नेम नाथ योगी के घर गई हुई थीं, इसी दौरान किसी बात को लेकर नेम नाथ योगी अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर रहा था. झगड़ा बढ़ता देख गंगोत्री योगी ने भाई और भाभी के बीच विवाद शांत कराने का प्रयास किया. इससे आरोपी नेम नाथ योगी आगबबूला हो गया और पास में रखे सब्जी काटने के हंसिया से गंगोत्री योगी पर अचानक हमला कर दिया. हमले में गंगोत्री योगी के सिर, चेहरे, हाथ और पीठ पर गंभीर चोटें आईं. अत्यधिक रक्तस्राव के कारण वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ीं. शोर-शराबा सुनकर परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी मौके से फरार हो चुका था. परिजनों ने तत्काल घायल गंगोत्री योगी को अस्पताल पहुंचाया. घटना के दूसरे दिन सुबह परिजनों की शिकायत पर पिपरिया थाना में आरोपी नेम नाथ योगी के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है.

## हमने शंकराचार्य होने का प्रमाण दिया, योगी भी हिंदू होने का दें : अविमुक्तेश्वरानंद

वाराणसी,30 जनवरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुझसे मेरे पद और परम्परा का प्रमाणपत्र मांगा। हमने सहज भाव से वह उनको सौंप दिया। क्योंकि सत्य को साक्ष्य से भय नहीं होता। किन्तु अब समय 'प्रमाण' लेने का नहीं, बल्कि उनको 'प्रमाण' देने का है। सम्पूर्ण सनातनी समाज की तरफ से मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'हिन्दू' होने का साक्ष्य मांगता हूं। हिन्दू होना केवल भाषणों या भगवे तक सीमित नहीं है, इसकी कसौटी 'गो-सेवा' और 'धर्म-रक्षा' है। गौमाता को राज्यमाता का दर्जा देकर वह अपने हिंदू होने का प्रमाण दें अन्यथा 40 दिन बाद हम धर्म सभा करके उन्हे नकली हिन्दू घोषित करेंगे।

यह बातें ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने शुक्रवार को काशी में शंकराचार्य घाट स्थित श्रीविद्यामठ में पत्रकारों से बातचीत में कहीं। उन्होंने कहा कि हम शासन को अपनी नीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए 40 दिनों का समय दे रहे हैं। यदि इन 40 दिनों के भीतर गोमाता को राज्यमाता का दर्जा नहीं मिला और निर्यात बन्नी शासनादेश जारी नहीं हुआ तो परिणाम गम्भीर होंगे।"कहा कि यदि 40 दिन व्यर्थ गए, तो आगामी 10-11 मार्च को लखनऊ की पुण्य धरा पर सम्पूर्ण सन्त समाज का समागम होगा। उस दिन हम मुख्यमंत्री को नकली हिन्दू घोषित करने को बाध्य होंगे। जो सरकार गोवंश की रक्षा नहीं कर सकती, उसे हिन्दू कहलाने का



नैतिक अधिकार नहीं है और उस योगी को तो बिलकुल नहीं जो गुरु गोरश्वनाथ की पवित्र गद्दी का खुद को महन्त कहते हों।कहा कि लगता है स्वतंत्र भारत में गोमाता की रक्षा और गोहत्या बन्दी कानून की मांग करना ही सबसे बड़ा अपराध हो चुका है। तभी तो जब-जब जिस-जिस ने यह आवाज उठाई सरकारों ने उसे क्रूरता पूर्वक रौंद दिया। उदाहरण 1966 का दिल्ली का गोरक्षा आन्दोलन है जिसमें तत्कालीन सरकार ने जाने कितने गोभक्तों सन्तों को गोलियों से भून दिया और धर्मसम्राट् स्वामी करपात्री महाराज सहित प्रमुख सनातनियों पर भी तरह-तरह के अत्याचार किये और अब उसी आवाज को बुलन्द करने के कारण हमें और हमारा इस कार्य में सहयोग कर रहे गोभक्तों पर भान्ति-भान्ति के अत्याचार और अन्याय हो रहे हैं।

यहां तक कि हमसे हमारे शंकराचार्य होने का प्रमाण तक मांगा जा रहा है और हमारी छवि को सनातनी जनता के बीच धूमिल करने के तरह-तरह के प्रयास किये जा रहे हैं। इन सबका नेतृत्व योगी आदित्यनाथ अपने विश्वस्तों रामभद्राचार्य आदि के माध्यम से कर रहे हैं। सत्ता के समक्ष दो स्पष्ट और अपरिहार्य शर्तें रखी जा रही हैं। गोमाता को 'राज्यमाता' का आधिकारिक दर्जा दें। जिस प्रकार हाल ही में महाराष्ट्र सरकार ने देशी गायों को 'राज्यमाता' घोषित किया और जिस तरह नेपाल में गाय 'राष्ट्रीय पशु है, उसी तर्ज पर उत्तरप्रदेश में भी गोमाता को 'राज्यमाता' का सम्मान मिले।मांस निर्यात का हब भारत के कुल मांस निर्यात में उत्तरप्रदेश की हिस्सेदारी 40% से अधिक है। क्या 'रामराज्य' का स्वप्न गायों के रक्त से

## दुष्कर्म मामले में ऑर्थोपेडिक सर्जन की याचिका हाईकोर्ट ने की खारिज

**बिलासपुर,30 जनवरी।** हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने दुष्कर्म के गंभीर आरोपों से जुड़े एक मामले में आदेश पारित करते हुए एफआईआर, चार्जशीट और सज्ञान आदेश को रद्द करने से इनकार कर दिया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा एवं जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की खंडपीठ ने यह आदेश पारित किया है। याचिकाकर्ता विजय उमाकांत वाघमारे (33), महाराष्ट्र के लातूर जिले के निवासी हैं और पेशे से एमएस ऑर्थोपेडिक सर्जन हैं। उनके खिलाफ भिलाई नगर, जिला दुर्ग में वर्ष 2018 में अपराध दर्ज किया गया था। आरोप है कि उन्होंने विवाह का झूठा आश्वासन देकर शिकायतकर्ता से दो बार शारीरिक संबंध बनाए। जांच के बाद 3 अक्टूबर 2025 को धारा 376 आईपीसी के तहत चार्जशीट पेश की गई, जिस पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, दुर्ग द्वारा संज्ञान ले लिया गया। इसी के खिलाफ आरोपी डॉक्टर ने बीएनएसएस की धारा 528 के तहत हाईकोर्ट में याचिका दायर की। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता ने तर्क दिया कि, डॉक्टर को झूठे मामले में फंसाया गया है। उन्होंने कहा कि कथित घटनाक्रम के समय याचिकाकर्ता पुणे के ससून जनरल अस्पताल में रेजिडेंट डॉक्टर के रूप में पदस्थ थे और अस्पताल की प्रमाणित उपस्थिति रजिस्टर से यह सिद्ध होता है कि, वे लगातार ड्यूटी पर थे। दलील दी गई कि, मार्च 2017 में भिलाई जाने का आरोप असंभव है क्योंकि उस दौरान वे पुणे में ड्यूटी पर थे। 12 अप्रैल 2017 को भी अस्पताल रिकॉर्ड से स्पष्ट है कि वे ड्यूटी पर मौजूद थे। शिकायतकर्ता की मां द्वारा विवाह के लिए दबाव बनाया जा रहा था। 19 महीने की देरी से एफआईआर दर्ज की गई, जो संदेह पैदा करती है। कथित संबंध यदि माने भी जाएं तो वे सहमति से थे। राज्य की ओर से पैनल लॉयर ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि, याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए सभी मुद्दे तथ्यात्मक विवाद हैं, जिनका निर्णय ट्रायल के दौरान ही हो सकता है। अलिबी (ड्यूटी पर होने का दावा), कॉल रिकॉर्ड, देरी का कारण, सहमति जैसे प्रश्न साक्ष्य के विषय हैं। रेप जैसे मामलों में देरी अपने आप में एफआईआर रद्द करने का आधार नहीं बन सकती।

हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के मामलों का हवाला देते हुए कहा कि, एफआईआर या चार्जशीट को रद्द करने की शक्ति अत्यंत सीमित और दुर्लभ मामलों में ही प्रयोग की जानी चाहिए। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि, इस स्तर पर सबूतों की जांच या मिनी ट्रायल नहीं किया जा सकता।इस टिप्पणी के साथ हाई कोर्ट ने सर्जन की याचिका को खारिज कर दिया है।

## बारनवापारा में जुटे प्रशिक्षु आईएफएस अधिकारी

रायपुर। प्रशिक्षु भारतीय वन सेवा अधिकारियों के लिए बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य में एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. प्रशिक्षु अधिकारियों को आधुनिक तकनीकों, आईटी आधारित वन प्रबंधन तथा वन्यजीव संरक्षण से जुड़े



विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई. इस प्रशिक्षण से भावी वन सेवा के अधिकारियों ने क्षेत्रीय स्तर पर उपयोग में आने वाली तकनीक एवं प्रबंधन प्रक्रियाओं से व्यावहारिक रूप से परिचित हुए. वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने अखिल भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि आप सभी आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल कर अपनी कौशल को विकसित करें और छत्तीसगढ की वन संपदा की सुरक्षा और संरक्षण के लिए सतत कार्य करें. उन्होंने सभी प्रशिक्षु अधिकारी को अपनी शुभकामनाएं दीं.

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) एवं क्षेत्रीय निदेशक स्तोविषा समझदार ने डीज़ीपीएस की कार्यप्रणाली, उसकी उपयोगिता तथा वन सर्वेक्षण, सीमांकन एवं प्रबंधन में इसके महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने बताया कि डीज़ीपीएस आधारित सर्वेक्षण से वन क्षेत्रों में सटीक डेटा संग्रह संभव होता है जो दीर्घकालिक संरक्षण योजनाओं के लिए अत्यंत उपयोगी है. इसी क्रम में उप-निदेशक, उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व वरुण जैन ने ''गज संकेत'' मोबाइल एप्लिकेशन के बारे में जानकारी दी. उन्होंने बताया कि यह एप हाथी मॉनिटरिंग, मूवमेंट ट्रैकिंग, मानव–हाथी संघर्ष प्रबंधन तथा त्वरित सूचना साझा करने में एक प्रभावी डिजिटल टूल के रूप में कार्य करता है. प्रशिक्षु अधिकारियों को एप के फील्ड उपयोग, डेटा एंट्री एवं प्रबंधन से संबंधित व्यावहारिक पहलुओं से भी अवगत कराया गया. इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर बलौदाबाजार वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर ने कहा कि इस प्रकार के तकनीकी एवं फील्ड आधारित प्रशिक्षण भावी वन सेवा के अधिकारियों के लिए अत्यंत आवश्यक हैं. उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक, डिजिटल टूल्स एवं वैज्ञानिक प्रबंधन पद्धतियों के माध्यम से वन एवं वन्यजीव संरक्षण को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है तथा ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम अधिकारियों को जमीनी स्तर पर बेहतर निर्णय लेने में सहायक सिद्ध होंगे. अधीक्षक बारनवापारा अभ्यारण्य कृषानू चन्द्राकार ने प्रशिक्षु अधिकारियों को बारनवापारा अभ्यारण्य की भौगोलिक, पारिस्थितिक एवं संरक्षण संबंधी विशेषताओं की जानकारी दी. इसके साथ ही अधिकारियों को अभ्यारण्य में संचालित वनभैंसा संरक्षण केंद्र, ब्लैकबक रिलोकेशन एवं संरक्षण केंद्र, ग्रासलैंड विकास क्षेत्रों सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण कराया जिससे उन्हें संरक्षण कार्यों को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर मिला.

## हे राम...मेरी प्रतिमा की भी कपाल क्रिया

**गांधी मैदान स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर दरार पड़ गई है। इस ओर किसी का भी ध्यान नहीं गया है। आज बापू की पुण्यतिथि है।**



## गोगो को स्थायी रूप से क्यों नहीं किया 'गो'

**रायपुर.** रायपुर नगरीय क्षेत्र में रोलिंग पेपर, गोगो स्मोकिंग कोन और पर्फेक्ट रोल पर प्रतिबंध के आदेश पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गंभीर सवाल उठाए हैं. उन्होंने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इस आदेश को अजब-गजब आदेश करार देते हुए कहा कि इससे यह साफ हो गया कि सरकार अब खुद मान रही है कि रायपुर में गांजा, चरस जैसे नशीले पदार्थों का

### पुलिस कमिश्नर के आदेश पर पूर्व CM बघेल ने उठाए सवाल कहा- 2 महीने के लिए ही क्यों लागू किया गया ?

सेवन बड़े पैमाने पर हो रहा है.

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इस आदेश के मुताबिक गांजा और चरस के सेवन में इस्तेमाल होने वाली सामग्री की बिक्री पर रोक लगाने की बात कही गई है, लेकिन इससे मूल कारण का समाधान नहीं होगा. उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यह वैसा ही है जैसे शराब का रोकने कम करने के लिए डिस्पोजल या कांच के गिलास और चखने की बिक्री पर ही प्रतिबंध लगा दिया जाए.

भूपेश बघेल ने आदेश की समय-सीमा पर भी सवाल उठाए. उन्होंने पूछा कि यह आदेश सिर्फ 29 मार्च 2026 तक, यानी दो महीने के लिए ही क्यों लागू किया गया है. अगर सरकार वास्तव में गंभीर है, तो इसे स्थायी आदेश क्यों नहीं बनाया गया.

### मनरेगा से ग्रामीणों को रोजगार देने ग्राम पंचायतवार कार्यों की समीक्षा कर

# कलेक्टर ने कहा-ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों को रोजगार देने काम प्रारंभ करें

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,30 जनवरी।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत कबीरधाम जिले में ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों को रोजगार देने के लिए सभी ग्राम पंचायत में कार्य प्रारंभ करने के निर्देश कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा एवं जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार पोयाम द्वारा दिये गए है। निर्देशानुसार जनपद पंचायत बोड़ला के सभी तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सहायकों की बैठक सहायक परियोजना अधिकारी श्री के के साहू एवं सहायक प्रचार प्रसार अधिकारी महात्मा गांधी नरेगा श्री विनीत कुमार दास द्वारा ली गई।बैठक में ग्राम पंचायतो में श्रमिक नियोजन, लक्ष्य के विरुद्ध अर्जित मानव दिवस, अप्रारंभ आजीविका डबरी, मोर गाँव मोर पानी अंतर्गत स्वीकृत सोख्क पिट निर्माण कार्य, अपूर्ण कार्यों को प्रारम्भ करने,ई केवाईसी में प्रगति लाने,लंबित सामग्री भुगतान, सामाजिक आरक्षण एवं लंबित मास्टर रोल के संबंध में ग्राम पंचायत वार विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में उपस्थित तकनीकी सहायकों एवं ग्राम रोजगार सहायकों को एपीओ श्री के के साहू द्वारा निर्देशित करते हुए कहा गया कि सभी ग्राम पंचायत में स्वीकृत कार्यों को प्रारंभ किया जाना है। वर्तमान में अधिक से अधिक पंजीकृत ग्रामीणों को रोजगार देने के लिए आवश्यकता अनुसार नए कार्यों की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।जल संरक्षण से संबंधित नाला गाद निकासी कार्य आजीविका डबरी, सामुदायिक डबरी, तालाब गहरीकरण एवं अमृत सरोवर जैसे कार्यों को प्राथमिकता के साथ प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। बैठक की पूर्व सूचना जारी करने के उपरांत भी कुछ ग्राम रोजगार सहायक द्वारा बिना अनुमति बैठक में अनुपस्थित रहने पर संबंधित को कारण बताओ सूचना जारी कर कार्यवाही करने के निर्देश कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत बोड़ला को दिए गए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बोड़ला श्री आकाश राजपूत ने सभी आवास निर्माण कार्य में मास्टर रोल जारी करने के निर्देश दिए और आवास योजना को प्रेरित कर निर्माण कार्य में प्रगति लाने कहा गया। मनरेगा के अंतर्गत वित्तीय वर्ष को देखते हुए जिले के लिए निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति हेतु सभी तकनीकी सहायक एवं ग्राम रोजगार सहायक को निर्देश करते हुए कहा गया कि कार्यों को पारदर्शिता के साथ पूरा करे और समय पर मजदूरी भुगतान किया जाय। महात्मा गांधी नरेगा योजना से ग्रामीणों को मिल रहे लाभ आजीविका संवर्धन एवं आवास निर्माण से ग्रामीण परिवारों की मांग पूरी होने पर सकारात्मक बदलाव से संबंधित जानकारी एवं दस्तावेजीकरण करने के निर्देश विनीत कुमार दास द्वारा दिए गए। इसके साथ ही मनरेगा योजना अंतर्गत गुड गवर्नेंस की गतिविधियों में सभी दस्तावेजों का समय पर सही संधारण करने के लिए निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक के दौरान जनपद पंचायत बोड़ला के कार्यक्रम अधिकारी श्री रमेश भास्कर, सभी तकनीकी सहायक, लेखपाल, सभी ग्राम रोजगार सहायक एवं अन्य कार्यालय कर्मचारी उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### डिप्टी सीएम कार्यालय कवर्धा में हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस



**कवर्धा,30 जनवरी (तछसं.)।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के कवर्धा स्थित विधायक कार्यालय में गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर साहू समाज के अध्यक्ष पति राम साहू ने विधायक कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। ध्वज फहराने के साथ सभी ने राष्ट्रगान, राष्ट्रीयगीत गाया और देश की एकता, अखंडता एवं संविधान की गरिमा को बनाए रखने का संकल्प लिया गया। पति राम साहू ने अपने संबोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस हम सभी नागरिकों के लिए गर्व और जिम्मेदारी का दिन है। यह दिन हमें भारतीय संविधान के मूल्यों, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व की याद दिलाता है। उन्होंने सभी से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने और लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत पूर्व अध्यक्ष रामकुमार भट्ट, जिला पंचायत सभापति वीरेंद्र साहू जिला बीजेपी महामंत्री नितेश अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लोकचंद साहू, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनिराम साहू, तथा श्रीमती सुषमा गणपत बघेल , नरेंद्र मानिकपुरी, ओमकार साहू, राम कुमार पटेल , देवेंद्र सिंह ठाकुर कमलेश तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक कार्यालय के स्टाफ एवं स्थानीय नागरिकों की भी सहभागिता रही। सभी ने मिलकर देशभक्ति के नारों के साथ वातावरण को राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत कर दिया।

### स्कूली बच्चों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा:मोहन साहू

**कवर्धा,30 जनवरी (तछसं.)।** जिले में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए परिवहन विभाग द्वारा विभिन्न स्कूलों में संचालित बसों एवं वैनों की अभियान चलाकर सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने वाले 14 स्कूली वाहनों के विरुद्ध मोटर यान अधिनियम 1988 के तहत चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 54,800 रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसके अतिरिक्त बिना वैध फिटनेस प्रमाणपत्र के संचालित पाए गए 4 वाहनों को जब्त किया गया।



कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित स्कूली वाहन सुरक्षा दिशा-निर्देशों के पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई।जिला परिवहन अधिकारी श्री मोहन साहू ने बताया कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन वाहन स्वामियों एवं स्कूल संचालकों द्वारा सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गई है, उन्हें नोटिस जारी किया जाएगा। साथ ही संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने सभी स्कूल संचालकों से अपील की कि वे अपने वाहनों में निर्धारित सुरक्षा उपकरण जैसे फर्स्ट एड बॉक्स, फायर एक्सटिंग्विशर, स्पीड गवर्नर, सीसीटीवी (जहां आवश्यक), जीपीएस, निर्धारित रंग-कोड, स्कूल नाम पट्टिका एवं प्रशिक्षित चालक-परिचालक अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें।

### रामायण एवं लोककला महोत्सव में शिरकत करेंगे सुनील सीहोर छोटा दुकालू ,राजेश सिन्हा और रेखा जलक्षत्री,उपासना वैष्णव



**उतई,30 जनवरी (तछसं.)।** रामायण एवं लोककला महोत्सव दिनांक 31जनवरी 1फरवरी शनिवार रविवार 2026 जिसमें छत्तीसगढ़ के संस्कृति को सरक्षण हेतु आयोजन किया जा रहा है इस आयोजन में अंतर्राष्ट्रीय एवं दूरदर्शन कलाकार देंगे प्रस्तुति अपनी साथ रामायण मंडली जस झाकी फाग झाकी रामधुनि सुवा देवार गीत भरथरी राउत नित्य जैसे छत्तीसगढ़ छोटे बड़े कलाकार देंगे प्रस्तुति आयोजक समिति के साथी दिए आमंत्रण ये जानकारी समिति संयोजक मुकेश साहू ने दिया।

### तीन दिवसीय संत समागम में जुटेंगे कबीरपंथी

**उतई,30 जनवरी (तछसं.)।** सद्गुरु कबीर सत्संग समिति एवं कबीरपंथी समाज बोरसी के संयुक्त तत्वावधान में 30 जनवरी से 1 फरवरी तक तीन दिवसीय सद्गुरु कबीर संत समागम ज्ञान यज्ञ का 34वां वार्षिक आयोजन बजरंग चौक वार्ड क्रमांक 52, बोरसी, जिला दुर्ग में आयोजित किया जाएगा।समिति के कन्हैया साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में कबीर आश्रम ठाकुरदीया, खरसिया से आचार्य श्रवण साहेब मुख्य प्रवचनकर्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। तीन दिवसीय आयोजन के अंतर्गत प्रतिदिन प्रातः 9 बजे गुरु महिमा पाठ, प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा अपराह्न 3 बजे से शाम 6 बजे तक भजन-प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। वहीं 1 फरवरी को शाम 4 बजे से सात्विक यज्ञ, चौका एवं आरती संपन्न होगी।इस आयोजन में सद्गुरु कबीर सत्संग समिति, कबीरपंथी समाज, आमीन माता महिला मंडल, प्रकाश ग्रंथ मंडली सहित वार्ड क्रमांक 50, 51 एवं 52 के वार्डवासी तथा क्षेत्र के बड़ी संख्या में कबीरपंथी श्रद्धालु सहभागिता करेंगे।

### मारपीट के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई, 30 जनवरी।** भिलाई वैशाली थाना क्षेत्र के पेप्सी कंपनी के मैनेजर और उसके साथियों पर जानलेवा हमला करने वाले तीन नाबालिग सहित पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है वैशालीनगर थाने पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों को पकड़ा है आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बेसबॉल बैट, चाकू, डंडा तथा स्कूटी वाहन भी जब्त किया गया है वैशाली नगर टीआई प्रशांत मिश्रा ने बताया कि शास्त्री चौक केम्प - 1 निवासी रवि रंजन (42 साल ) पेप्सी कंपनी में एरिया सेल्स मैनेजर की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सूरज गुप्ता उर्फ गोलू (26 साल ) निवासी स्टेशन मरोदा और योगेश गुप्ता उर्फ बमबम (18 वर्ष 03 माह), निवासी कैम्प-1, वृन्दा नगर सहित कुल 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।



## एक नजर

### नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म,2 हिरासत में

**भिलाई, 30 जनवरी (तछसं.)।** भिलाई नेवई थाना क्षेत्र के स्टेशन मरोदा इलाके में 13 वर्षीय नाबालिग छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की गंभीर घटना सामने आई है। इस मामले में पुलिस ने पीड़िता के मोहल्ले के ही दो नाबालिगों को हिरासत में लिया है नेवई टीआई अनिल साहू ने बताया कि यह घटना 28 जनवरी की है नाबालिग छात्रा अपने मोहल्ले स्टेशन मरोदा क्षेत्र में घूम रही थी, तभी मोहल्ले के ही दो नाबालिग-एक की उम्र 14 वर्ष और दूसरे की उम्र 15 वर्ष ने उसे एक खंडहरनुमा स्थान पर ले जाकर जबरदस्ती की इसी दौरान बच्ची को तलाशते हुए उसकी मां भी मौके के आसपास पहुंच गई, जिसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन सीधे नेवई थाना पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही नेवई पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मामला दर्ज किया और दोनों नाबालिग आरोपियों को हिरासत में लिया बाल सुधार गृह भेजे गए दोनों आरोपी आरोपी नाबालिग होने के कारण किशोर न्याय अधिनियम के तहत कारवाई करते हुए उन्हें बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया है तथा मामले से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है नेवई थाने पुलिस ने इस मामले में धारा 4 (2) एवं 70 (2) के अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

### अवैध रूप से शराब बेचते दो गिरफ्तार



**भिलाई, 30 जनवरी (तछसं.)।** मोहन नगर पुलिस ने रेलवे स्टेशन दुर्ग के पास दुपहिया वाहन में अवैध शराब रखकर बिक्री कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है आरोपियों के कब्जे से 42 पौवा शराब जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए दोनों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है मोहन नगर पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि रेलवे स्टेशन के पास दो युवक स्प्लेंडर बाइक में बैठकर अवैध शराब बेच रहे हैं सूचना के बाद पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर दबिश दी और नरेश पारधी (32 साल ) निवासी खुर्सीडीह बोरई व प्रशांत पारधी (19 साल ) निवासी खुर्सीडीह बोरई को पकड़ लिया दबिश के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 42 पौवा शराब, 7.86 बल्क लीटर अनुमानित कीमत 4620 रुपए जब्त की। इस मामले में मोहन नगर थाने में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है ।

### हत्या का आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 30 जनवरी (तछसं.)।** दुर्ग सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के पुरानी वसूली के पैसों की बात को लेकर आपसी विवाद के चलते की गई हत्या वाले मामले में कोतवाली पुलिस को सफलता मिली है एक और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है इस मामले में दो आरोपी गिरफ्तार हो गए दुर्ग सिटी कोतवाली टीआई नवीन राजपूत ने बताया कि आरोपियों द्वारा होटल 36 इन इंदिरा मार्केट दुर्ग में ऋषि निर्मलकर के साथ पुराने पैसों की वसूली की बात को लेकर हाथ मुक्के से मारपीट की गई थी इलाज के दौरान ऋषि निर्मलकर की मौत हो गई थी पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज कर जांच में लिया था।

### पुलिस ने आरोपी सूदखोर को गिरफ्तार किया

**भिलाई, 30 जनवरी (तछसं.)।** भिलाई एक सूदखोर कर्ज में दिए गए 1.60 लाख रुपए के एवज में 22 लाख रुपए मांग रहा था इस रकम की वसूली के लिए वह कर्जदार को धमकी देता था आखिरकार तंग आकर कर्जदार ने पुलिस में शिकायत की शिकायत पर पद्मनाभपुर थाने पुलिस ने आरोपी सूदखोर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी हरीश पारख पिता स्व मोहन लाल पारख ( 60 साल ) निवासी एचआईजी 1/79 न्यू बोरसी कालोनी दुर्ग से पुलिस ने इकरारनामा एवं 11 चेक बुक सहित साहू कारी लाइसेंस जप्त कर लिया है दुर्ग जिले में लगातार सूदखोरी के खिलाफ अभियान कार्यवाही की जा रही है इसी दौरान थाना पद्मनाभपुर में प्रार्थी के द्वारा लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि अपना स्वास्थ खराब होने से आरोपी हरीश पारख से पैसों की आवश्यकता होने पर 1,60,000 रुपए लिया था, उक्त उधार लिए गए रकम के एवज में 10 प्रतिशत ब्याज वसूल करता था। नहीं देने पर राशि दुगुना करता था। उक्त उधार के रूप में लिए गए रकम को प्रार्थी के द्वारा आरोपी को 3,20,000 रूऐ उधारी एवं ब्याज का रकम वापस किया जा चुका है।

# दुर्ग, बालोद और बेमेतरा में बिजली उत्सव 6 फरवरी तक मनाया जाएगा

**भिलाई, 30 जनवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तीन जिलों दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा में भव्य बिजली उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 30 जनवरी से 06 फरवरी तक चलेगा। कार्यक्रम के माध्यम से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाई जाएगी तथा उपभोक्ताओं को बिजली विभाग की सेवाओं से जोड़ा जाएगा। संभागीय एवं वितरण केंद्र स्तर पर आयोजित इन कार्यक्रमों में हितग्राहियों का सम्मान भी किया जाएगा। इन आयोजनों में उपभोक्ताओं के लिए कई विशेष सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। बीपीएल कनेक्शन, कृषक जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, पीएम कुसुम योजना, केंद्रीकृत विद्युत कॉल सेंटर, मोर बिजली ऐप एवं ऑनलाइन सेवाओं की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। साथ ही प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के लिए मौके पर ही पंजीयन हेतु हेल्प डेस्क की सुविधा रहेगी। ऊर्जा विकास पर आधारित लघु फिल्मों का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। दुर्ग जिले में धमधा, कुम्हारी, पाटन, उतई, अहिवारा, अमलेश्वर सहित अनेक वितरण केंद्रों एवं दुर्ग शहर, भिलाई शहर पूर्व-पश्चिम, पाटन और अहिवारा संभाग में कार्यक्रम होंगे। बालोद जिले में बालोद, दल्लीराजहरा, डौंडी लोहारा, गुरूर, देवरी, डौंडी, करहीभदर सहित विभिन्न केंद्रों पर आयोजन किए जाएंगे। बेमेतरा जिले में दाढ़ी, नवागढ़, बेरला, नांदघाट, साजा, बेमेतरा शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित होंगे। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन कार्यक्रमों में शामिल होकर शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं तथा अपनी बिजली संबंधी समस्याओं का समाधान प्राप्त करें।

### विभागीय परीक्षा से पहले राठौर ने किया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण

**दुर्ग, 30 जनवरी ।** छत्तीसगढ़ शासन गृह-सी विभाग (विभागीय परीक्षा प्रकोष्ठ) के अंतर्गत शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए विभागीय परीक्षा का आयोजन 27 जनवरी से 03 फरवरी 2026 तक किया जा रहा है। इस परीक्षा के सुचारु संचालन हेतु भिलाई प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी), दुर्ग को परीक्षा केंद्र के रूप में नामांकित किया गया है।

# सेल को लगातार तीसरी बार मिला ग्रेट प्लेस टू वर्क सर्टिफिकेशन



**भिलाई, 30 जनवरी।** भारत की महारत्न और सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी स्टील उत्पादक कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड सेल ने फरवरी 2026 से फरवरी 2027 की अवधि के लिए प्रतिष्ठित ग्रेट प्लेस टू वर्क प्रमाणन हासिल किया है। सेल ने लगातार तीसरी बार यह उपलब्धि ग्रेट प्लेस टू वर्क संस्थान द्वारा किए गए कंपनी.व्यापी मूल्यांकन के बाद प्राप्त की है। यह मान्यता कार्यस्थल की एक ऐसी संस्कृति को संजोने की सेल की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है जो आधुनिकए चुस्त और अपने कर्मचारियों के पेशेवर व व्यक्तिगत विकास के अनुरूप है। अपने ट्रस्ट इंडेक्स स्कोर में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज करते हुए जो मूल्यांकन के दौरान सकारात्मक प्रतिक्रिया देने वाले कर्मचारियों के प्रतिशत को दर्शाता है सेल ने संस्थान द्वारा आयोजित एक व्यापक सर्वेक्षण के आधार पर यह प्रमाणन अर्जित किया। सेल लगातार प्रगतिशील मानव संसाधन एचआर पहलों को लागू कर रहा है जिनमें नवीनतम श्सेल दर्पण है जो पारदर्शी और प्रदर्शन आधारित कार्यस्थल की दिशा में एक बड़ा कदम है। जहाँ मूल्यांकन और लक्ष्य-निर्धारण वस्तुनिष्ठता को दर्शाते हैं और संगठनात्मक लक्ष्यों के साथ मेल खाते हैं। साथ हीए यह कर्मचारियों को अपने स्वयं के विकास की जिम्मेदारी लेने के लिए सशक्त बनाता है। इस अवसर पर सेल के सीएमडी अमरेंदु प्रकाश ने कहा हम सभी के लिए लगातार तीसरे वर्ष ग्रेट प्लेस टू वर्क प्रमाणन प्राप्त करना गर्व का क्षण है। यह मान्यता उस भरोसे का प्रतीक है जो हमारे कर्मचारी संगठन में रखते हैं और उस संस्कृति का प्रतिबिंब है जिसे हम सामूहिक रूप से बना रहे हैं।

### सर्वधर्म सेवा के प्रयास से तालपुरी की वृद्ध दंपति ने लिया देहदान का संकल्प

**भिलाई, 30 जनवरी।** तालपुरी निवासी नानाजी जगन मेश्राम एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती शोभा नानाजी मेश्राम ने सामाजिक संगठन सर्वधर्म सेवा संस्था के माध्यम से अपने परिवारजनों की उपस्थिति में मरणोपरांत देहदान का संकल्प लिया। यह वृद्ध दंपति जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एंड रिसर्च सेंटर भिलाई के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदय कुमार दाभाड़े के सास-ससुर हैं। सर्वधर्म सेवा संस्था विगत पांच वर्षों से अंगदान एवं देहदान को लेकर जन-जागरूकता अभियान लगातार चला रही है। इस अवधि में संस्था द्वारा 350 से अधिक नागरिकों से संकल्प पत्र भरवाए जा चुके हैं, जो समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है। संस्था के अनुसार देश में अंगों की भारी कमी के कारण प्रतिवर्ष सैकड़ों मरीज समय पर उपचार न मिलने से अकाल मृत्यु का शिकार हो रहे हैं। किडनी, लीवर, हृदय एवं नेत्र जैसे अंगों की मांग लगातार बढ़ रही है, लेकिन दानदाताओं की संख्या अपेक्षाकृत कम है। इसी को देखते हुए संस्था ने राज्य सरकार से मांग की है कि अंगदान एवं देहदान को प्रदेश स्तर पर प्राथमिकता दी जाए तथा देहदान करने वाले दानियों को मरणोपरांत राजकीय सम्मान प्रदान किया जाए।

# मोर संगवारी सेवा योजना के तहत 55 हजार से अधिक प्रमाणपत्र जारी




**भिलाई,30 जनवरी ।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र के नागरिकों को घर बैठे शासकीय सेवाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से संचालित मोर संगवारी सेवा योजना के तहत अब तक कुल 55,755 प्रमाण पत्र तैयार कर नागरिकों को प्रदान किए जा चुके हैं। इस योजना के अंतर्गत शासन द्वारा कुल 27 प्रकार के दस्तावेज बनाए जा रहे हैं, जिसके लिए निःशुल्क टोल फ्री नंबर 14545 जारी किया गया है। नागरिक इस नंबर पर कॉल कर मोर संगवारी के एजेंट को अपने घर बुलाकर आवश्यक दस्तावेज बनवा सकते हैं। आंकड़ों के अनुसार विवाह प्रमाण पत्र 3,917, मृत्यु प्रमाण पत्र 3,059, जन्म प्रमाण पत्र 5,058, दुकान एवं स्थापना पंजीयन (गुमास्ता लाइसेंस) 357, 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार पंजीयन 14,989, पैन कार्ड 285, आधार मोबाइल नंबर अपडेट 17,655, मूल निवास प्रमाण पत्र 1,448, अनुसूचित जाति/जनजाति प्रमाण पत्र 65, पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र 305, आय प्रमाण पत्र 4,060, एपीएल राशन कार्ड 429 एवं विवाह सुधार के 255 प्रमाण पत्र शामिल हैं। इसके अतिरिक्त अन्य 3,873 दस्तावेज भी बनाए गए हैं। प्रदेश स्तर पर नागरिकों को सर्टिफिकेट डिलीवरी के मामले में नगर पालिक निगम भिलाई को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। इस योजना से नागरिकों को घर बैठे सेवाएं मिलने के साथ समय और धन की बचत हो रही है तथा सरकारी कार्यों में भी तेजी आई है।

### पुलिस ने 100 कड़े किए जब्त



**भिलाई,30 जनवरी ।** भिलाई धमधा थाना क्षेत्र के आयोजित मड़ाई मेला के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु पुलिस द्वारा सघन एवं प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था एवं निगरानी की गई मेले के दौरान असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस ने निरंतर गश्त, चेकिंग एवं वैधानिक कार्रवाई की कार्रवाई में आर्म्स एक्ट के अंतर्गत 02 प्रकरणों में कार्रवाई की वहीं विभिन्न मामलों में लगभग 1000 नग कड़े आपत्तिजनक वस्तुएं जब्त के अलावा शांति व्यवस्था भंग करने की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए 30 व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है ।

# जोन आयुक्त ने खुर्सीपार क्षेत्र में पानी,सफाई व्यवस्था का जायजा लिया



**भिलाई, 30 जनवरी।** नगर निगम जोन-4 शिवाजी नगर अंतर्गत आई.टी.आई. ग्राउण्ड, खेल मैदान, पेयजल, सड़क एवं सफाई व्यवस्था का जायजा जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे लिये। प्रस्तावित निर्माण कार्य को जल्द से जल्द प्रारंभ कराने एवं वार्डों के सफाई व्यवस्था को बेहतर कराने के निर्देश दिए।

निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार जोन आयुक्त अपनी टीम के साथ खुर्सीपार क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचे। नेशनल हाईवे के किनारे आई.टी.आई. ग्राउण्ड में निर्माणाधीन मंच का निरीक्षण किये। जिससे वहां कार्यक्रम, योगा एवं खिलाड़ियो के काम आ सके। आई.टी.आई के बगल में खेल मैदान का अवलोकन किया गया। मैदान में स्टेडियम निर्माण प्रस्तावित है, उक्त स्थल का जायजा लेते हुए चर्चा किया गया। वार्ड 41 आदिवासी नगर एवं वार्ड 42 गौतम नगर में पेयजल, पाईप लाईन, सड़क एवं साफ-सफाई का अवलोकन किया गया है। पेयजल व्यवस्था में सुधार हेतु किए गए कार्य का निरीक्षण बारीकी से किया गया । छावनी स्थित निगम स्वामित्व के भूखंड का अवलोकन शासकीय हित या कार्यों के उद्देश्य से आगामी समय में उपयोग करने हेतु किया गया । निरीक्षण के दौरान उप अभियंता साहू, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, राजस्व निरीक्षक विजेंद्र परिहार, वेंकट सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# इस्पात मंत्रालय ने बीएसपी में राजभाषा नीति कार्यान्वयन का जायजा लिया




**भिलाई, 30 जनवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन की स्थिति का जायजा लेने भारत सरकारए इस्पात मंत्रालय की ओर से द्विसदस्यीय दल ने 29 जनवरी को भिलाई इस्पात संयंत्र का निरीक्षण किया। दल में संयुक्त निदेशक आनंद भोई एवं वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी संदीप मलिक शामिल थे। निरीक्षण दल ने भिलाई इस्पात संयंत्र के इस्पात भवनए तृतीय स्थलए राजभाषा विभाग में जाकर भारत सरकारए गृह मंत्रालयए राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित राजभाषा नीति के अनुपालन क्रम में संयंत्र द्वारा किए जा रहे कार्यों का सूक्ष्मता पूर्वक अवलोकन किया एवं हिंदी के क्षेत्र में विभिन्न प्रतियोगिताओं, प्रकाशनों, आयोजनों तथा राजभाषा नीति के तहत किए जा रहे विभिन्न कार्यों का अध्ययन किया। उन्होंने संसदीय राजभाषा समिति के द्वारा किए जाने वाले निरीक्षण के क्रम में विभिन्न मानदंडों के अनुरूप निर्धारित प्रश्नावली के आधार पर भिलाई इस्पात संयंत्र का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम आनंद भोई एवं संदीप कुमार मलिक ने भिलाई इस्पात संयंत्र के महाप्रबंधक प्रभारी संपर्क व प्रशासन एवं जनसंपर्क अमूल्य प्रियदर्शी से भेंट की व भिलाई इस्पात संयंत्र में हिंदी के प्रयोग की स्थिति एवं राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के विषय में जाना। तत्पश्चात उन्होंने राजभाषा विभाग का निरीक्षण किया।


समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

जनपद पंचायत लौंहडीगुड़ा

सरपंच-सचिव

एक शुभचिंतक




समस्त प्रदेशवासियों को

गणतंत्र दिवस

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



जनपद पंचायत -बस्तर

सरपंच-सचिव

एक शुभचिंतक



समस्त प्रदेशवासियों को

गणतंत्र दिवस

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



जनपद पंचायत -दरभा

सरपंच-सचिव

एक शुभचिंतक



समस्त प्रदेशवासियों को

गणतंत्र दिवस

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



नगर निगम जगदलपुर

समस्त पार्षद गण

एक शुभचिंतक



समस्त प्रदेशवासियों को

गणतंत्र दिवस

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



जनपद पंचायत -जगदलपुर

सरपंच-सचिव

एक शुभचिंतक

## हादसा मतलब कहीं न कहीं चूक तो हुई है

कहीं भी कोई हादसा होता है तो इसका साफ मतलब होता है कि कहीं न कहीं चूक तो हुई है। हर हादसे के बाद जांच होती है, हादसा क्यों हुआ पता चलता है, वैसी चूक न हो इसका प्रयास भी किया जाता है लेकिन हादसे रुकते नहीं है। हादसे में आम लोग भी मारे जाते हैं और खास लोग भी मारे जाते हैं।इससे घर,परिवार,राज्य व देश का नुकसान तो होता ही है। इसके बाद भी हादसों पर रोक नहीं लगती है तो सवाल उठना स्वाभाविक है कि हादसों पर रोक क्यों नही लगती है, आखिर हादसों में आम लोग व खास लोग कब तक मारे जाते रहेंगे।महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार का प्लेन क्रैश होने पर उनकी मौत के बाद फिर से यह सवाल पैदा हो गया है कि वीवीआईपी की सुरक्षा में बार बार चूक कैसे हो जाती है और असमय एक परिवार,एक राज्य अपना बड़ा नेता खो देता है। परिवार व राज्य को ऐसी क्षति हो जाती है जिसका भरपाई नहीं हो सकती। यह पहली बार नहीं है कि जब भारत में हुए विमान या हैलिकाप्टर हादसे में किसी परिवार ने अपना मुखिया या राज्य ने अपना बड़ा नेता खोया है। इससे पहले इसी तरह के हादसों में संजय गांधी,माधवराव सिंधिया,जीएमसी बालोयोगी,वायएस राजशेखर रेडडी,सीडीएस विपिन रावत,होमी जहांगीर भाभा,विजय रूपाणी आदि वीवीआईपी की मौत हो चुकी है।हर हादसे के बाद यह सवाल उठता रहा है कि क्या वीवीआईपी उड़ानों में जोखिम प्रबंधन उतना अच्छा है जितना दावा किया जाता है।यह सच हो सकता है कि हर हादसा एक पल की गलती का परिणाम हो सकता है। पर यह भी सच है कि विमानन उद्योग का जितनी तेजी से विस्तार हो रहा है उतनी ही तेजी से सुरक्षा के प्रबंधन हर हवाई अड्ड् पर हो नहीं हो पा रहे हैं।हर हादसे के बाद शोक तो व्यक्त किया जाता है,जांच भी होती है,जांच रिपोर्ट भी आती है लेकिन क्या व्यवस्थागत सुधार स्थायी रूप से लागू होते हैं।ऐसा होता नहीं है इसलिए हादसे होते रहते हैं।जरूरत है कि निजी चार्टर विमान कंपनियों पर भी वही नियम सख्ती से लागू होने चाहिए जो वाणिज्य उड़ानों पर भी लागू होते हैं। ऐसे हादसे रोकने के लिए नागर विमानन मंत्रालय को नेशलन वीवीआईपी एयर सेफ्टी पालिसी बनानी चाहिए और लागू भी करनी चाहिए। अजित पवार महाराष्ट सरकार में छह बार उप मुख्यमंत्री रहे।वह कांग्रेस,शिवसेना व भाजपा तीनों सरकार में डिप्टी सीएम रहे। उनका सपना महाराष्ट्र का सीएम बनने था,वह उनके निधन से अधूरा रह गया है।वह लंबे समय तक पवार की छत्रछाया में राजनीति करते रहे। उनकी सीएम बनने या डिप्टी सीएम बनने की महत्वाकांक्षा के चलते जब भाजपा महाराष्ट्र में मजबूत हुई तो उन्होंने शरद पवार से बगावत करने व पार्टी तोड़ने का साहस किया।२०२३ में वह शरद पवार से अलग होकर नई पाटी बनाई और नया चुनाव चिन्ह हासिल किया और २४ के विधानसभा चुनाव में उन्होंने ४१सीटें जीतकर महाराष्ट्र की राजनीति अपनी एक अलग जगह बनाई और साबित किया कि अब महाराष्ट्र की राजनीति में शरद पवार के अलावा वह भी एक बड़े खिलाड़ी हैं और सरकार बनाने व बिगाडने् में उनकी भी अहम भूमिका है। महाराष्ट्र के लोकप्रिय नेता अजित पवार के असामयिक निधन से महाराष्ट्र की सियासत में एक ऐसा खालीपन आ गया है जिसके आसानी से भरने की उम्मीद नहीं है। इसका असर महाराष्ट्र की सत्ता,संगठन व गठबंधन पर पड़ेगा।महायुति सरकार में अजित पवार एक पावर संतुलित करने वाले नेता थे। उनके रहने से यह सत्ता में एक संतुलन बना हुआ था, उनके न रहने से यह संतुलन गड़बड़ा सकता है। भाजपा के लिए अजित पवार एक सियासी सहारा था, यह सियासी सहारा भाजपा को फिर से खोजना पड़ेगा। अजित पवार के रहते डिप्टी सीएम एकना। शिंदे भी जानते थे वह अपनी किसी बात को मानने के लिए सरकार को मजबूर नहीं कर सकते । अब अजित पवार के न रहने पर एकनाथ शिंदे पर सरकार की निर्भरता और बढ़ जाएगी तो वह भी अपने हित के लिए सरकार पर और ज्यादा दवाब डाल सकते हैं अपनी बात मनवाने के लिए। अजित पवार के न रहने से आगे क्या होगा, इसे लेकर कई तरह की चर्चा चल रही है।एक संभावना यह है कि उनकी पत्नी व बेटे राजनीति में सक्रिय भूमिका निबाह सकते हैं।इसमें भाजपा उनका सहयोग कर सकती है।इसके अलावा यह भी माना जा रहा है कि शरद पवार फिर से राजनीति के केंद्र में आ जाएंगे। वह दोनों गुटों को एक करने का प्रयास कर महाराष्ट्र की राजनीति में फिर से अपने आपको अहम खिलाड़ी बनाने का प्रयास कर सकते हैं। अगर दोनो गुट मिल जाते हैं तो एनसीपी के लोकसभा में ८ सांसद और महाराष्ट्र में विधायकों की संख्या ५१ हो जाएगी और शरद पवार राज्य ही नहीं केंद्र की राजनीति में भी असर डालने वाले हो जाएंगे। अजित पवार के रहने से महाराष्ट्र की सियासत तो जरूर बदलेगी और कौन कितना अहम होगा यह आने वाले समय मे पता चलेगा।

आयोजन

# रायपुर साहित्य उत्सव : विचारों से गढ़ा गया वर्तमान

अशोक कुमार साहू



जनवरी की ठंडी सुबह, बसंत पंचमी की उजास और विचारों से भरा वातावरण,नवा रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन परिसर इन दिनों किसी साधारण आयोजन स्थल जैसा नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक चेतना के एक जीवंत केंद्र में तब्दील हो गया था। हर ओर साहित्यिक चर्चाएं, पुस्तकों के विमोचन, कविताओं की गूंज और बौद्धिक बहसें थीं। अवसर था रायपुर साहित्य उत्सव 2026 का,एक ऐसा आयोजन जिसने यह सिद्ध कर दिया कि साहित्य आज भी समाज की चेतना, संवाद और दिशा का सबसे प्रभावशाली माध्यम है।

'आदि से अनादि तक' की भावभूमि पर आधारित यह तीन दिवसीय साहित्यिक महोत्सव केवल कार्यक्रमों की श्रृंखला नहीं था, बल्कि यह परंपरा और आधुनिकता, लोक और वैश्विक, संवेदना और तर्क के बीच निरंतर संवाद का सशक्त मंच बनकर उभरा। छत्तीसगढ़ की धरती पर आयोजित यह उत्सव अब एक सांस्कृतिक आयोजन से आगे बढ़कर बौद्धिक आंदोलन का स्वरूप ग्रहण करता दिखाई दिया।

उत्सव का शुभारंभ बसंत पंचमी के पावन अवसर पर हुआ। विनोद कुमार शुक्ल मंडप में आयोजित उद्घाटन समारोह में साहित्य, राजनीति, शिक्षा, मीडिया और कला जगत की प्रतिष्ठित हस्तियों की उपस्थिति ने इस आयोजन की गरिमा को और ऊंचा कर दिया। राज्यसभा के उपसभापति श्री हरिवंश ने अपने संबोधन में साहित्य को समाज की आत्मा बताते हुए कहा कि एक लेखक और एक पुस्तक भी इतिहास की दिशा बदल सकती है। उन्होंने संत कबीर, तुलसी और आधुनिक हिंदी साहित्य के उदाहरणों के माध्यम से यह रेखांकित किया कि साहित्य केवल सौंदर्य का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना का वाहक है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने उद्बोधन में रायपुर साहित्य उत्सव को साहित्य का महाकुंभ बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ प्रभु श्रीराम का ननिहाल है और इस भूमि पर साहित्य का ऐसा विराट आयोजन सांस्कृतिक गर्व का विषय है। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम को समुद्र मंथन की संज्ञा देते हुए कहा कि जैसे सेनानियों ने स्वयं कष्ट सहकर समाज को अमृत दिया, वैसे ही साहित्यकार अपने शब्दों के माध्यम से समाज को दिशा और आत्मबल प्रदान करते हैं। उनके शब्दों में साहित्य समाज की आत्मा को जीवित रखने वाला तत्व है। उद्घाटन अवसर पर पुस्तकों का विमोचन केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि वह विचारों का दस्तावेज़ बनकर सामने आया। छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्षों की यात्रा पर आधारित प्रकाशन, राज्य के साहित्यकारों पर केंद्रित कॉफी टेबल बुक और समकालीन विषयों पर आधारित पुस्तकों ने यह संकेत दिया कि यह उत्सव अतीत, वर्तमान और भविष्य के बीच सेतु का कार्य कर रहा है। इन पुस्तकों में छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान, संघर्ष और उपलब्धियों की स्पष्ट झलक देखने को मिली।

उत्सव का दूसरा दिन पूरी तरह बौद्धिक विमर्श को समर्पित रहा। भारत के बौद्धिक चिंतन, भारतीय दृष्टि और वैश्विक संवाद पर केंद्रित परिचर्चाओं में वक्ताओं ने यह स्पष्ट किया कि किसी भी राष्ट्र की शक्ति उसकी सैन्य या आर्थिक क्षमता में नहीं, बल्कि उसके विचारों में निहित होती है। वक्ताओं ने इस धारणा को सशक्त तर्कों के साथ खारिज किया कि बौद्धिकता केवल पश्चिम की देन है। भारतीय दर्शन, उपनिषद, वेद और 'वसुधैव कुटुंबकम्' जैसी अवधारणाओं को आज की वैश्विक चुनौतियों के समाधान के रूप में प्रस्तुत किया गया।

डॉ. भीमराव अंबेडकर पर केंद्रित परिचर्चा विशेष रूप से विचारोत्तेजक रही। वक्ताओं ने उन्हें केवल एक वर्ग या विचारधारा तक सीमित करने की प्रवृत्ति पर प्रश्न उठाते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर संपूर्ण भारतीय समाज के चिंतक थे। संविधान निर्माण, सामाजिक न्याय, श्रम अधिकार, महिला सशक्तिकरण और आर्थिक दृष्टि—इन सभी क्षेत्रों में उनके योगदान को समग्र रूप में देखने की आवश्यकता पर बल दिया गया। यह सत्र इतिहास के पुनर्पाठ और वर्तमान के आत्ममंथन जैसा प्रतीत हुआ। छत्तीसगढ़ के लोकगीतों पर केंद्रित चर्चा ने इस बात को रेखांकित किया कि लोकसंस्कृति किसी संग्रहालय की वस्तु नहीं, बल्कि समाज की जीवंत स्मृति है। खेतों में गाए जाने वाले गीत, पर्व-त्योहारों की धुनें और जीवन के संघर्षों से उपजे स्वर लोकगीतों के माध्यम से आज भी जीवित हैं। वक्ताओं ने कहा कि लोकगीतों में छत्तीसगढ़ की आत्मा बसती है और इन्हें संरक्षित करना सांस्कृतिक जिम्मेदारी है।

सिनेमा और मीडिया पर केंद्रित सत्रों में समकालीन समाज के महत्वपूर्ण प्रश्न उठाए गए। फिल्मकारों और विचारकों ने कहा कि सिनेमा केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक संवाद का प्रभावी माध्यम है। मजबूत कहानी, संवेदना और सच्चाई ही किसी फिल्म को कालजयी बनाती है। वहीं मीडिया पर हुई चर्चाओं में पत्रकारिता की विश्वसनीयता, जमीनी रिपोर्टिंग और लोकतांत्रिक जिम्मेदारी पर गंभीर मंथन हुआ। वक्ताओं का मत था कि मीडिया को केवल कंटेंट उत्पादन की दृष्टि से नहीं, बल्कि समाज के प्रहरी के रूप में देखा जाना चाहिए।

डिजिटल युग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता(एआई)पर आधारित परिचर्चा उत्सव का सबसे समकालीन पक्ष रही। वक्ताओं ने तकनीक और परंपरा के बीच संतुलन की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि तकनीक भारतीय ज्ञान परंपरा की विरोधी नहीं, बल्कि उसकी सहयोगी बन सकती है। ई-बुक्स, ऑडियो बुक्स और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ने साहित्य को नए पाठक दिए हैं और यह परिवर्तन साहित्य के विस्तार का संकेत है, न कि उसके पतन का।

उत्सव का तीसरा और अंतिम दिन अधिक आत्ममंथन और सांस्कृतिक चेतना से भरा रहा। नवयुग में भारत बोध पर केंद्रित चर्चा में वक्ताओं ने कहा कि मानसिक गुलामी से मुक्ति, भारतीय भाषाओं का सम्मान और अपनी सांस्कृतिक दृष्टि का विकास ही सच्चे भारत बोध की नींव है। शिक्षा, भाषा और संस्कृति के प्रश्नों को एक-दूसरे से जोड़ते हुए यह स्पष्ट किया गया कि आत्मविश्वासी समाज ही वैश्विक मंच पर सशक्त भूमिका निभा सकता है।

चित्रकला प्रदर्शनी उत्सव का एक महत्वपूर्ण आकर्षण रही। छत्तीसगढ़ महतारी, बस्तर के बाजार, आदिवासी जीवन और राजिम कुंभ पर आधारित चित्रों ने बिना शब्दों के इतिहास और संस्कृति की कथा कह दी। यह प्रदर्शनी दर्शकों के लिए मौन संवाद का माध्यम बनी, जहाँ रंगों ने भावनाओं को स्वर दिया। बाल साहित्य पर केंद्रित चर्चाओं में इस बात पर चिंता व्यक्त की गई कि बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण साहित्य की कमी महसूस की जा रही है। वक्ताओं ने कहा कि बाल साहित्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि संस्कार और संवेदना की पहली पाठशाला है। नाट्यशास्त्र और भारतीय कला परंपरा पर आधारित सत्रों ने यह रेखांकित किया कि भारतीय कला केवल सौंदर्यबोध नहीं, बल्कि वैज्ञानिक और दार्शनिक दृष्टि से भी समृद्ध है। समापन समारोह में राज्यपाल रमेन डेका ने अपने उद्बोधन में कहा कि इंटरनेट और नई पीढ़ी के इस दौर में भी साहित्य और प्रिंट मीडिया का महत्व कभी कम नहीं होगा। शब्द समाज को जोड़ते हैं, सोच को गहराई देते हैं और मनुष्य को बेहतर इंसान बनाते हैं। उनके शब्दों में यह उत्सव इस बात का प्रमाण है कि साहित्य आज भी जीवित, सक्रिय और प्रासंगिक है। इस आयोजन के लिए पुरखौती मुक्तांगन का चयन और आयोजन समिति के कर्ताधर्ता रहे मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा,छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा,जनसम्पर्क आयुक्त रवि मित्तल एवं उनकी पूरी टीम द्वारा इसे सफल बनाने के लिए किए गए अथक परिश्रम को याद नही करना उनके साथ नाइंसाफी होंगी। फिलहाल, रायपुर साहित्य उत्सव 2026 यह स्पष्ट संदेश देकर संपन्न हुआ कि छत्तीसगढ़ की धरती केवल लोकसंस्कृति की नहीं, बल्कि राष्ट्रीय बौद्धिक संवाद की उर्वर भूमि भी है। विचार, कला और संवाद का यह महोत्सव साहित्य को वर्तमान से जोड़ते हुए भविष्य की ओर देखने का साहस देता है। यह उत्सव यह विश्वास भी दिलाता है कि शब्द कभी निष्क्रिय नहीं होते,वे समय के साथ चलते हैं, समाज को दिशा देते हैं और चेतना को जीवित रखते हैं।

## सू- दोकू क्र.301

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.300का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -301


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छ: ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 300 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | | | स |
| ट | | भ | ला | ई | | अ | स | म |
| ना | म | | | स | मा | धि | | झ |
| | ज | | बे | | न | का | र | ना |
| बा | बू | | आ | य | क | र | | |
| | र | की | ब | | | | प्र | था |
| ज | | | रू | प | क | | ज | न |
| हा | | पा | | ना | म | ची | न | |
| ज | हां | प | ना | ह | | ता | न | ना |

## राशिफल

मेष राशि : आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपका मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है, जिसे आप निराश नहीं करेंगे। आज आपको पिछले कुछ समय से किए गए प्रयासों का फल मिलने वाला है। आज आपको बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज आपको ऑफिस में किसी काम को लेकर डांट पड़ सकती है। जिससे आप थोडे उलझन में रहेंगे। लवमेट के साथ मूवी देखने जा सकते है। मेडिटेशन करने से आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी काम को करने के नए तरीके पर विचार करेंगे इससे काम समय से व आसानी से पूरा हो जायेगा। आज शाम को आप किसी बर्थडे पार्टी में जाने का प्लान बनायेंगे। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आपकी क्रिएटिव फील्ड मजबूत होगी। बिल्डर्स के लिए आज का दिन अच्छा है, नये कॉन्ट्रैक्ट से बड़ा मुनाफा होगा। किसी सामाजिक समारोह में आज आपकी भागीदारी होगी। आज दोस्त आपसे मिलने घर आयेंगे, जिससे अपनी पर्सनल बातें डिस्कस करेंगे।

मिथुन राशि : आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज बिजनेस में लाभ पाने के लिए आपको किसी की मदद लेनी पड़ेगी। आज आपको अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा। व्यापारी वर्ग को आज अच्छा लाभ होने से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा, कॉलेज में नए दोस्त बनेंगे। आर्थिक रूप से आज आपको सफलता मिलेगी। आज पहले से चल रही किसी उलझन से छुटकारा मिलेगा। आपका काम बेहतर ढंग से पूरा होगा।

कर्क राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपके अंदर पॉजिटीविटी बनी रहेगी। आज आप जिस भी काम की शुरुआत करेंगे। वह समय से पूरा हो जायेगा। किसी नए रिश्ते की शुरुआत करने का मौका मिलने की संभावना है। साथ ही अपने नजदीकी रिश्तों को सुधारने में आपको सफलता मिलेगी। आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी। आप अपने संतान के करियर के लिए उसके गुरु से बातचीत कर सकते है। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा है कहीं बाहर घूमने का प्लान बन सकता है।

सिंह राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप माता को कुछ गिफ्ट दे सकते है आपकी माता को ख़ुशी होगी। आज आपको किसी भी व्यक्ति को उधार देने से बचना चाहिए, यह आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपका रुका हुआ काम पूरा होगा। आज आप बोलने के बजाए सुनने पर ज्यादा ध्यान दें। इससे आपको जरूरी बातें पता चल सकती हैं। आज लोग आपकी बात से प्रभावित होकर आपसे जुड़ना चाहेंगे। इस राशि के जो लोग कवि है आज उनकी किसी कविता की तारीफ होगी, जिससे मन खुशनुमा रहेगा।

कन्या राशि : आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपको दूरसंचार से शुभ सूचना मिलेगी, इससे आपके परिवार में खुशियों का माहौल बन जायेगा। बच्चों से आपको गुड न्यूज़ मिल सकती है। आर्टस के स्टूडेंट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। उनके मन में आज नए विचार आयेंगे। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को आज अच्छी जॉब मिलेगी। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आपके व्यापार में दो गुना वृद्धि होने के योग बन रहे है। इस राशि के जो लोग संगीत में रुझान रखते हैं उनके लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। फिल्म इंडस्ट्री से ऑफर भी आ सकता है।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज ख़ास काम बन जाने से आपका मनोबल बढ़ेगा। आज किसी भी प्रकार का इन्वेस्टमेंट करते समय बजट का ध्यान रखें। इस राशि के जो लोग जॉब करते हैं उनकी तरक्की के योग बन रहे हैं। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा, आपकी योजना से लोग काफी प्रभावित होंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आपको अपनी वाणी पर संयम बनाये रखना चाहिए। आप सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेंगे, समाज में आपका सम्मान होगा।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज किसी काम में दूसरों की बातों को सर्वोपरि न रखकर अपने आप पर विश्वास करें तो लाभ अवश्य मिलेगा। किसी जरूरी काम में जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आपके घर रिश्तेदार आ सकते हैं, जिनसे मिलकर आपको काफी अच्छा लगेगा। उनके साथ आप अलग-अलग पकवान का आनंद लेंगे। इस राशि की जिन महिलाओं को ऑनलाइन बिजनेस स्टार्ट करना है, उनके लिए समय अच्छा है।

धनु राशि : आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपको अपने टारगेट को पूरा करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। काम जितना भी कठिन हो आपको एकाग्रता बनाये रखना है। ऑफिस में आज आपको नया प्रोजेक्ट मिलेगा, जिसे पूरा करने में कलीग आपकी सहायता करेंगे। संतान पक्ष से आपको सुख प्राप्त होगा। पिता का आशीर्वाद आप पर बना रहेगा। अपनी ऊर्जा से आप बहुत कुछ हासिल करेंगे बस अपनी काबिलीयत पर भरोसा करें। आज आपके भौतिक सुख-साधनों में बढ़ोतरी होगी।

मकर राशि : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपकी बनाई गयी योजना आपके बिजनेस के लिए अच्छी साबित होगी। आज कुछ बड़ा और अलग करने की सोच सकते है। इस राशि की महिलाओं का दिन व्यस्तता से भरा होगा, लेकिन शाम का समय अपनी फैमिली के साथ बितायेंगी। ऑफिस के उच्चाधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा, बिगड़े काम भी बन जायेंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, किसी प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलने से आपका मन प्रसन्न होगा।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आप पिछली गलतियों से कुछ नया सीखकर आगे बढ़ेंगे। आज आपका दिन कुछ महत्वपूर्ण कार्यों की वजह से व्यस्त रहेगा। नए कार्यों को लेकर आपकी उत्सुकता बढ़ेगी। आपको आज धैर्य से काम लेने की जरूरत है और इसका लाभ आप आने वाले समय में देखेंगे। आज आपको मनचाही वस्तु मिलेगी, जिससे आपका दिन प्रसन्नता पूर्वक बीतेगा। अपने कार्य व व्यवसाय के प्रति निष्ठावान रहें, जिससे सुख व संतोष की वृद्धि होगी।

मीन राशि :आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके घर खास मेहमान आ सकते हैं, जिससे घर में ख़ुशी का माहौल बना रहेगा। लवमेट आज लॉन्ग ड्राइव पर जाने का मन बनाएंगे। माताएं अपने बच्चों को कुछ अच्छा सुनाएंगी। आपकी भौतिक सुख सुविधाएँ बनी रहेगी। थोड़ा टाइम ईश्वर की भक्ति में लगायें, जिससे आपका मन शांत रहेगा। दोस्तों के साथ कहीं घूमने का प्लान कैंसिल करना पड़ सकता है।

सर्वेक्षण

# बजट 2026-27 बनाम आर्थिक सर्वेक्षण- भारत की आर्थिक दिशा

एडवोकट किशन सनमुखदास भावनानी

वैश्विक स्तरपर सबसे बड़े भारतीय लोकतंत्र में संसद के बजट सत्र में गुरुवार 29 जनवरी 2026 को केंद्रीय वित्तमंत्री द्वारा आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया ज़ो एक सरकारी दस्तावेज होता है,जिसे बजट से पहले पेश किया जाता है, इकोनॉमिक सर्वे में देश की आर्थिक स्थिति, चुनौतियों और आगे की दिशा के बारे में विस्तार से मूल्यांकन किया गया होता है,इसमें देश के विकासमहंगाई के अनुमान और बेरोजगारी, व्यापार और फाइनेंशियल हेल्थ के बारे में भी जानकारी दी गई होती है,इस रिपोर्ट को केंद्रीय वित्त मंत्रालय की टीम तैयार करती है अब 1 फरवरी 2026 को बजट पेश किया जाएगा जो वैश्विक स्तरपर एक वित्तीय दस्तावेज़ नहीं होता,बल्कि यह देश की आर्थिक सोच सामाजिक प्राथमिकताओं और वैश्विक भूमिका को परिभाषित करने वाला नीति-घोषणापत्र होता है। वर्ष 2026-27 का केंद्रीय बजट इस दृष्टि से ऐतिहासिक महत्व रखता है, क्योंकि यह न केवल एक नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत करेगा, बल्कि भारत के आयकर ढांचे में होने वाले सबसे बड़े कानूनी परिवर्तन से पहले का अंतिम पूर्ण बजट भी होगा। यही कारण है कि संसद से लेकर शेयर बाजार तक, टैक्सपेयर्स से लेकर उद्योग जगत तक और भारत से लेकर वैश्विक निवेशकों तक,सभी की निगाहें इस बजट पर टिकी हुई हैं।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र बता दूं क्ि वर्ष 2026-27 के बजट का औपचारिक आगाज़ संसद के बजट सत्र के साथ होगा,ज़ो 28 जनवरी से 13 फ़रवरी 2026 तक शुरू हो चुका है,यह सत्र दो चरणों में विभाजित होगा,दूसरा चरण 9 मार्च से 2 अप्रैल तक चलेगा।इस विस्तारित सत्र का उद्देश्य केवल बजट पारितकरना नहीं,बल्कि उससे जुड़ी नीतियों, संशोधनों और विधायी पहलुओं पर व्यापक विमर्श सुनिश्चित करना है। लोकतंत्र में बजट सत्र सरकार और संसद दोनों के लिए जवाबदेही और पारदर्शिता की कसौटी होता है।केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी 2026 को लोकसभा में वित्त वर्ष 2026-27 का आम बजट पेश करेंगी। यह क्षण इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उनका एक और बजट होगा, जिसमें उनसे न केवल राजकोषीय अनुशासन बल्कि मिडिल क्लास, नौकरीपेशा वर्ग, किसानों, स्टार्टअप्स और उद्योग जगत के बीच संतुलन साधने की अपेक्षा की जा रही है। भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्था में बजट के हर प्रावधान का सीधा असर घरेलू मांग, निवेश वातावरण और वैश्विक भरोसे पर पड़ता है। साथियों बात अगर हम टैक्स पेयर्स की उम्मीदें:बजट का सबसे संवेदनशील पक्ष इसको समझने की करें तो,हर बजट में अगर किसी एक वर्ग की निगाहें सबसे अधिक वित्तमंत्री के भाषण पर टिकी होती हैं,तो वह है टैक्सपेयर्स विशेषकर मिडिल क्लास और नौकरीपेशा लोग। महंगाई,शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और रिटायरमेंट की बढ़ती लागत के बीच यह वर्ग वर्षों से यह महसूस करता आया है कि आर्थिक विकास का सबसे बड़ा बोझ उसी के कंधों पर है। इसलिए बजट 2026-27 में इनकम टैक्स से जुड़ी घोषणाएं केवल वित्तीय नहीं,बल्कि सामाजिकराजनीतिक संदेश भी होंगी।



साथियों बात अगर हमस्टॉक मार्केट की तैयारी:बजट और निवेशकों का संबंध इसको समझने की करें तो बजट 2026-27 का असर केवल आम नागरिकों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसका सीधा प्रभाव शेयर बाजार और पूंजी बाजार पर भी पड़ेगा। स्टॉक एक्सचेंजों ने संकेत दे दिए हैं कि यदि 1 फरवरी को बजट रविवार के दिन पेश किया जाता है,तो उस दिन स्पेशल ट्रेडिंग सेशन आयोजित किया जाएगा। यह व्यवस्था दर्शाती है कि बजट घोषणाओं को बाजार कितनी गंभीरता से लेता है। टैक्स सुधार, पूंजीगत लाभ कर, टीडीएस नियम और निवेश प्रोत्साहन जैसे प्रावधान बाजार की दिशा तय करने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं।

साथियों बात अगर हम नया इन्कम टैक्स एक्ट 2025 एक युग का अंत, दूसरे की शुरुआत को समझने की करें तो, यूनियन बजट 2026-27को ऐतिहासिक बनाने वाला सबसे बड़ा कारण यह है कि यह 60 साल पुराने आयकर कानून के अंत से पहले का अंतिम पूर्ण बजट होगा। सरकार 1 अप्रैल 2026 से नया इन्कम टैक्स एक्ट 2025 लागू करने जा रही है,जो मौजूदा जटिल विवादग्रस्त और बार-बार संशोधित कानून की जगह लेगा। ऐसे में बजट 2026-27 केवल मौजूदा वित्तीय जरूरतों का दस्तावेज़ नहीं, बल्कि आने वाले टैक्स सिस्टम की बुनियाद भी रखेगा।

साथियों बात अगर हम टैक्सपेयर्स की 5 बड़ी उम्मीदें: क्या मिडिल क्लास की खुलेगी किस्मत? इसको समझने की करें तो(1) धारा 80सी और 80 डी की सीमा में वृद्धि : बचत और सुरक्षा का सवाल-धारा 80सी के तहत ₹1.5 लाख की कर छूट सीमा वर्षों से अपरिवर्तित है,जबकि इस अवधि में महंगाई, आय स्तर और जीवन-शैली खर्चों में भारी वृद्धि हुई है।

इसी प्रकार 80डी के तहत स्वास्थ्य बीमा पर मिलने वाली छूट भी आज की चिकित्सा लागत के मुकाबले अपर्याप्त प्रतीत होती है। टैक्सपेयर्स की प्रमुख मांग है कि इन सीमाओं को यथार्थवादी स्तर तक बढ़ाया जाए, ताकि लंबी अवधि की बचत, बीमा कवरेज और सामाजिक सुरक्षा को प्रोत्साहन मिल सके।(2) लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स में राहत : निवेश संस्कृति को बढ़ावा-भारत सरकार निवेश आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना चाहती है, लेकिन लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन (एलटीसीजी) टैक्स की मौजूदा संरचना कई निवेशकों को हतोत्साहित करती है। टैक्सपेयर्स की अपेक्षा है कि या तो इसकी आय सीमा बढ़ाई जाए, या फिर छोटे और मध्यम निवेशकों को अतिरिक्त राहत दी जाए।इससे घरेलू निवेश, रिटेल पार्टिसिपेशन और पूंजी बाजार की गहराई बढ़ सकती है, जो वैश्विक निवेशकों के लिए भी सकारात्मक संकेत होगा।(3) टीडीएस सीमा में वृद्धि:नकदी प्रवाह और अनुपालन की सरलता-टीडीएस (टैक्स डिडक्टेड एट सोर्स) व्यवस्था का उद्देश्य टैक्स संग्रह को आसान बनाना है, लेकिन अत्यधिक कम सीमाएं कई बार अनावश्यक अनुपालन बोझ पैदा करती हैं।वरिष्ठ नागरिकों, फ्रीलांसर्स और छोटे करदाताओं की मांग है कि विभिन्न श्रेणियों में टीडीएस की सीमा बढ़ाई जाए, जिससे नकदी प्रवाह सुधरे और रिफंड-आधारित टैक्स सिस्टम पर निर्भरता कम हो। (4) नए इनकम टैक्स कानून में सरल संरचना : जटिलता से मुक्ति- इन्कम टैक्स एक्ट 2025 से सबसेबड़ी उम्मीद यह है कि यह सरल, स्पष्ट और विवाद-मुक्त होगा। बजट 2026-27 में सरकार से अपेक्षा है कि वह इस नए कानून की संरचना को स्पष्ट संकेतों के माध्यम से पेश करे जैसे कम धाराएं,सरल भाषा, डिजिटल-फ्रेंडली अनुपालन और न्यूनतम व्याख्यात्मक विवाद। यह सुधार भारत की ईजी ऑफ़ डूइंग बिज़नेस रैंकिंग और वैश्विक टैक्स छवि को भी मजबूत करेगा।(5)विवाद समाधान और टैक्स आतंक से मुक्ति-पिछले वर्षों में सरकार ने 'टैक्स टेररि" की धारणा को समाप्त करने की दिशा में कई कदम उठाए हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर अब भी लंबे विवाद, अपीलें और मुकदमेबाज़ी टैक्सपेयर्स के लिए चिंता का विषय बने हुए हैं। बजट 2026-27 से अपेक्षा है कि इसमें तेज़, पारदर्शी और तकनीक-आधारित विवाद समाधान तंत्र को और मजबूत किया जाएगा।

साथियों बात अगर हम इस बजट को दो एंगल मिडिल क्लास व शेयर बाजार केंद्रित से समझने की करें तो (1) मिडिल क्लास केंद्रित आय, बचत और जीवन-स्तर की कसौटी-बजट 2026-27 मिडिल क्लास के लिए इसलिए निर्णायक है क्योंकि यह नए इनकम टैक्स कानून से पहले का अंतिम पूर्ण बजट है। नौकरीपेशा और मध्यम आय वर्ग की प्रमुख अपेक्षा यह है कि बढ़ती महंगाई, शिक्षा-स्वास्थ्य खर्च और रिटायरमेंट आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इनकम टैक्स ढांचे में वास्तविक राहत दी जाए। विशेष रूप से धारा 80सी और 80डी की सीमाओं में वृद्धि मिडिल क्लास के लिए केवल टैक्स लाभ नहीं, बल्कि आर्थिक सुरक्षा का साधन मानी जा रही है।यदि बजट में कर-छूट या टैक्स स्लैब में संतुलित सुधार होता है, तो इसका सीधा असर घरेलू खपत पर पड़ेगा। ऑटो, आवास, उपभोक्ता वस्तुएँ और सेवाएँ—ये सभी सेक्टर मिडिल क्लास की डिस्पोज़ेबल इनकम से चलते हैं। इसलिए बजट 2026 -27 मिडिल क्लास के लिए इस प्रश्न का उत्तर देगा कि क्या सरकार उसे केवल "टैक्स बेस" के रूप में देखती है या आर्थिक विकास का इंजन मानती है। (2) शेयर बाजार केंद्रित-भरोसा,स्थिरता और दीर्घकालिकसंकेत-शेयर बाजार के लिए बजट 2026-27 अल्पकालिक उतार-चढ़ाव से अधिक नीतिगत दिशा और टैक्स स्थिरता का दस्तावेज़ है।निवेशकों की प्राथमिक अपेक्षा यह है कि कैपिटल गेन टैक्स, टीडीएस और कॉरपोरेट टैक्स से जुड़े संकेत स्पष्ट और पूर्वानुमेय हों। टैक्स अनिश्चितता बाजार को कमजोर करती है, जबकि स्थिरता दीर्घकालिक निवेश को आकर्षित करती है।यदि बजट में राजकोषीय अनुशासन के साथ कैपेक्स और इंफ्रास्ट्रक्चर खर्च को प्राथमिकता दी जाती है, तो यह कैपिटल गुड्स, बैंकिंग और इंडस्ट्रियल सेक्टर के लिए सकारात्मक ट्रिगर होगा। साथ ही, नए इनकम टैक्स एक्ट 2025 को लेकर स्पष्ट रोडमैप शेयर बाजार को यह संकेत देगा कि भारत का पूंजी बाजार नियम-आधारित और निवेश- अनुकूल दिशा में आगे बढ़ रहा है।

# नक्सलियों से हुई मुठभेड़, 2 नक्सली ढेर

**बीजापुर, 30 जनवरी ।** छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा के पास बीजापुर जिले के पामेड थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों के जवानों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में आज गुरूवार सुबह 7 बजे से रुक-रुककर फायरिंग हो रही है। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 2 नक्सलियों को ढेर कर दिया है, मारे गये नक्सलियों के 2 शव के साथ हथियार भी बरामद हुए हैं। विदित हो कि बीजापुर, सुकमा और तेलंगाना के सीमावर्ती इलाकों में नक्सलियों की बटालियन सक्रिय है। विशेष रूप से पामेड़ थाना क्षेत्र में नक्सलियों की सक्रियता ज्यादा देखी जा रही है। इसी पामेड़ इलाके के नक्सलियों के साथ आज मुठभेड़ जारी है।बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि बीजापुर जिले के दक्षिणी इलाके में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना के बाद डीआरजी जवानों को सर्चिंग अभियान पर रवाना किया गया, इसी दौरान जंगल में नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। मुठभेड़ स्थल की सर्चिंग के दौरान अब तक 2 नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं। इसके साथ ही एके-47 राइफल, 9 एमएम पिस्टल, गोला-बारूद भी मौके से बरामद किए गए हैं। उन्होने बताया कि ऑपरेशन अभी भी जारी है, ऑपरेशन में लगे जवानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मुठभेड़ की जगह, ऑपरेशन में शामिल सुरक्षाकर्मियों की संख्या और दूसरी संवेदनशील जानकारी इस समय शेयर नहीं की जा सकती। सर्चिंग पूर्ण होने के पश्चात विस्तृत रिपोर्ट अलग से साझा की जाएगी।

## नक्सलियों के सड़क में लगाये गये 2 आईईडी बरामद



**बीजापुर, 30 जनवरी ।** जिले के इलमिडी थाना क्षेत्र अंतर्गत लंकापल्ली गांव के पास जंगल में नक्सलियों द्वारा 20-30 किलोग्राम वजनी सड़क के बीचों-बीच कमांड स्विच सिस्टम के जरिए लगाये गये 2 आईईडी बरामद हुए हैं। सर्च ऑपरेशन पर निकली सुरक्षाकर्मियों की टीम ने आज गुरूवार सुबह बरामद दोनो आईईडी को सुरक्षित तरीके से मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया है।

# नागुल में मुख्यमंत्री बाल सन्दर्भ शिविर आयोजित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गीदम, 30 जनवरी ।** दन्तेवाड़ा जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर मडसे अंतर्गत ग्राम पंचायत नागुल में मुख्यमंत्री बाल संदर्भ शिविर का आयोजन किया गया जिसमे आस-पास के आंगनबाड़ियों के सभी बच्चों का स्क्रीनिंग करके उनका उपचार किया गया एव गंभीर कुपोषित बच्चों को एनआरसी सेंटर गीदम रेफर किया गया । इस दौरान मेले में आये हुए शिशुवती महिलाओं की भी स्वास्थ्य जांच की गई एव उन्हें संतुलित आहार खान-पान के बारे में बताया गया । साथ ही गर्भवती महिलाओं का ए .एन .सी जांच कर उन्हें आयरन एव कैल्शियम की दवाईया प्रदान की गई । शिविर में आए हुए समस्त महिला एव ग्रामीणों को संबोधित करते हुए ग्रामीण सहायक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अतिक अंसारी द्वारा आंगनबाडी में बच्चों को भेजने के लिए प्रेरित किया गया और सभी को टीकाकरण का महत्व बताया गया इसके साथ ही गैर संचारी रोगो के बारे में भी जानकारी दी गई। वही बच्चों को यहां उपहार देकर प्रोत्साहित भी किया गया । आई.सी डी एस. सुपरवाइजर आनिमिका द्वारा सभी आए हुए महिलाओं को कुपोषण से बचाने के उपाय बताएं गए साथ ही एनआरसी सेंटर आने के लिए सलाह दी गई । वहीं आंगनबाडी में आकर अपने बच्चों को कुपोषण से बचाने की भी सलाह दी गई । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ का भी विशेष सहयोग रहा । इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग से अंजू कोवासी , मुन्नी नेताम, मीरा मुरामी , रामबती नेताम, अस्मिता यादव, सुनीता यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

## एक नजर

### कलेक्टर ने की प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की मिशन मोड पर समीक्षा

**दंतेवाड़ा, 30 जनवरी ।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में केन्द्र सरकार के द्वारा समर्थित प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि योजना का उद्देश्य कृषि उत्पादकता में वृद्धि करना, फसलों में विविधीकरण को बढ़ावा देना, कटाई के बाद भंडारण क्षमता बढ़ाना सिंचाई सुविधाओं में सुधार करना कृषि ऋण (दीर्घकालिक एवं अल्पकालिक) तक पहुंच सुगम बनाना टिकाऊ एवं जलवायु-अनुकूल कृषि पद्धतियों को अपनाना है। इसे देखते हुए कृषि सहित अन्य आनुषांगिक विभाग प्रभावोत्पादक क्रियाशील और टिकाउ रणनीति बनाया जाना सुनिश्चित करें। इसके लिए अधिकारी नियमित रूप से फील्ड में उपस्थिति देकर कृषकों की वास्तविक आवश्यकता अनुरूप उनसे सलाह मशवरा कर योजना को धरातल स्तर पर मजबूती दें। इसके लिए नियमित रूप से कलस्टर एवं ब्लॉक स्तर पर कृषि मित्र पशु सखी, पशु मित्र, जैविक कार्यकर्ता एनआरएलएम (राष्ट्रीय आजीविका मिशन) से जुड़े समस्त समूहों के साथ प्रशिक्षण सत्र, कृषक संगोष्ठियां आयोजित किया जाना चाहिए। इसमें कृषि विभाग सहित कृषि विज्ञान केन्द्र का अन्य विभागों से आपसी समन्वय किया जाना बहुत जरूरी है। इस मिशन मोड के प्रयास से ही हम योजना के अंतर्गत बेहतर प्रदर्शन कर पायेगें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि चिन्हांकित कृषकों को मोबिलाइज करते हुए उन्हें सभी संबंधित विभाग सम्मिलित रूप से अपने-अपने विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किए जाने की प्रक्रिया को प्रारंभ कर देवें। इसके साथ ही बैठक में अंतर्गत प्रधानमंत्री सम्मान योजना, फसल बीमा योजना, नेशनल मिशन ऑफ एडीबल ऑयल, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड,राष्ट्रीय गोकुल मिशन जैसी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा हुई।

### रैंप योजना के तहत उद्यमिता विकास प्रशिक्षण का सफल आयोजन

**दंतेवाड़ा, 30 जनवरी ।** उद्योग विभाग एवं सीएसआईडीसी के मार्गदर्शन में रैंप योजना के अंतर्गत जिले में उद्यमिता को बढ़ावा देने एवं महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से नगर पंचायत गीदम में उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र में व्यवसाय स्थापित करने हेतु आयोजित यह उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी , लीप) का दसवां प्रशिक्षण सत्र रहा, जो सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।यह कार्यक्रम सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) तथा राज्य सरकार की संयुक्त उद्यमिता प्रोत्साहन पहल के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। आज के सत्र का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष श्री रजनीश सुराना एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती हुलसी प्रधान द्वारा किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने एमएसएमई क्षेत्र की आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए 'राइजिंग एवं एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस' योजना की जानकारी दी और बताया कि यह योजना उद्यमियों के तकनीकी उन्नयन, क्षमता निर्माण, बाजार विस्तार एवं प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने में अत्यंत सहायक सिद्ध हो रही है। महिलाओं को सरल एवं व्यवहारिक भाषा में उद्यमिता के मूलभूत सिद्धांतों की जानकारी देने हेतु चॉइस कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए।

# समलेश्वरी एक्सप्रेस में टैक्स माफिया करोड़ों की टैक्स चोरी कर रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**जगदलपुर, 30 जनवरी।** पश्चिम बंगाल के हावड़ा जंक्शन से छत्तीसगढ़ के जगदलपुर तक चलने वाली समलेश्वरी एक्सप्रेस में अवैध टैक्स चोरी का बड़ा खेल सामने आया है। सूत्रों के अनुसार, हावड़ा से जगदलपुर की ओर कपड़ों का भारी मात्रा में परिवहन किया जा रहा है, जिसमें जीएसटी नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। टैक्स माफिया करोड़ों रुपये की कर चोरी कर रहे हैं, जबकि रेलवे के कुछ कर्मचारी और लीज पर आधारित कार्गो ऑपरेटर इसमें कथित रूप से शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक, अंजलि शिवम कार्गो हावड़ा ने हावड़ा में लगभग 80 हजार रुपये प्रतिदिन के हिसाब से पार्सल/गुड्स स्पेस लीज पर लिया हुआ है। इनके जरिए मुख्य रूप से प्रीमियम कपड़े, शर्ट, धोती और अन्य परिधान जगदलपुर भेजे जा रहे हैं। चालाकी यह की जा रही है कि माल के कुल मूल्य का मात्र 10 प्रतिशत ही बिलिंग दिखाया जाता है, जबकि शेष राशि पर कोई जीएसटी नहीं चुकाया जा रहा। रेलवे माल परिवहन नियम 138 (2-क) 2017 के तहत ई-वे बिल अनिवार्य होने के बावजूद, इन लीज पैकेजों में ई-वे बिल प्रस्तुत नहीं किया जा रहा।रेलवे बुकिंग कर्मचारियों से जब ई-वे बिल के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने जवाब दिया कि ÷लीज से आने वाले गुड्स पर ई-वे बिल की अनिवार्यता नहीं है या अलग से बुकिंग वाले गुड्स में ही चेक किया जाता है। इससे साफ जाहिर होता है कि लीज के नाम पर टैक्स चोरी का सिस्टमेटिक खेल चल रहा है।इस पूरे गोरखधंधे का स्थानीय स्तर पर संचालन आशीष सिन्हा नामक व्यक्ति द्वारा किया जा रहा है। जगदलपुर पहुंचने के बाद पिकअप वाहनों के जरिए ये कपड़े बस्तर संभाग अंतर राज्य उड़ीसा मलकानगिरी एवं अमरकोट के थोक विक्रेताओं तक पहुंचाए जाते हैं।जीएसटी विभाग के संभागीय उपायुक्त मंगेश कारेकर ने नियमों का हवाला देते हुए विशाखापट्टनम स्थित के-के रेल लाइन के डीआरएम को पत्र जारी किया था, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। रेलवे कर्मी जांच में डीआरएम से अनुमति की बात कहकर हस्तक्षेप करते नजर आए।हालांकि, बुधवार को जीएसटी विभाग ने कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर गुड्स की जांच की। जांच में नियम विरुद्ध स्टॉक मिलने पर सामान जब्त किया गया और संबंधित व्यापारियों पर शास्ति (जुर्माना) की कार्रवाई भी की गई। यह मामला टैक्स चोरी के साथ-साथ रेलवे परिसर में लीज सिस्टम के दुरुपयोग को उजागर करता है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि जांच जारी है और जल्द ही बड़े पैमाने पर कार्रवाई हो सकती है। प्रशासन से अपील है कि ऐसे माफिया तंत्र पर कड़ी नकेल कसी जाए ताकि सरकारी राजस्व की चोरी रुके और ईमानदार व्यापार को बढ़ावा मिले।

### स्वच्छता पखवाड़ा पर महिला आईटीआई में विविध कार्यक्रम आयोजित

**कांकेर, 30 जनवरी।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा महिला आईटीआई कांकेर में बुधवार 28 जनवरी को स्वच्छता पखवाड़ा पर विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगरपालिका परिषद कांकेर के अध्यक्ष श्री अरूण कौशिक उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय कांकेर द्वारा स्वच्छता पखवाड़े पर चित्रकला प्रतियोगिता, गीत, नुक्कड़ नाटक, रैली, प्रश्न मंच तथा चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से स्वच्छता की जानकारी दी गई।

# पेंशन पर हाई कोर्ट के दिए निर्णय को लागू करने की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम, 30 जनवरी।** हाई कोर्ट बिलासपुर के द्वारा दिये गये एक ऐतिहासिक निर्णय में प्रदेश के एक लाख साठ हजार शिक्षक एल.बी. संवर्ग के पेंशन एवं पुरानी सेवा गणना पर फैसला दिया है। अपने फैसले में जस्टिस अमितेन्द्र किशोर प्रसाद की एकल पीठ ने राज्य शासन को निर्देश दिया है कि एल.बी संवर्ग के शिक्षकों के पेंशन हेतु पुरानी सेवा गणना के लिए स्पष्ट एवं तर्कसंगत नीति बनायी जाये। दंतेवाड़ा जिला में कार्यरत शैलेश कुमार सिंह , प्रमोद भदौरिया , कुलदीप सिंह चैहान , पलकेश सोनी , राजेन्द्र पाण्डे एवं अन्य ने डब्लू. पी. एस क्रमांक 2476/2021 के द्वारा हाई कोर्ट के वरिष्ठ एडवोकेट अनुप मजुमदार के माध्यम से पुरानी पेंशन हेतु सेवा गणना को लेकर हाई कोर्ट बिलासपूर में याचिका दायर की थी।



शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि शिक्षक एल.बी. संवर्ग 1998 से शिक्षा कर्मी के रूप में निरंतर सेवाएँ दे रहे है। राज्य सरकार ने पुरानी पेंशन योजना तो 2022 से बहाल कर दी है किन्तु सरकार ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि उनकी सेवा की गणना कब से की जावेगी। स्पष्ट नियमाभाव के कारण वर्तमान में सेवा निवृत शिक्षक एल.बी संवर्ग के मामले में पेंशन हेतु सेवा की गणना संविलियन दिनांक जुलाई 2018 से की जा रही है चुंकि पुरानी पेंशन की पात्रता हेतु न्यूनतम दस वर्ष की सेवा अनिवार्य है , संविलियन दिनांक से सेवा की गणना के किये जाने से मार्च 2028 तक सेवानिवृत हो चुके या होने वाले शिक्षक एल.बी संवर्ग पुरानी पेशन हेतु पात्र नहीं हो पा रहे है। इस समस्या से व्यथित होकर शिक्षक एल.बी संवर्ग के हमारे साथियों ने न्यायालय की शरण ली। इस पर न्यायालय ने सुनवाई करते हुए 23 जनवरी 2026 को दिये अपने दिये फैसले में राज्य सरकार के तर्को पंचायत संवर्ग एवं शिक्षा विभाग की सेवाएँ अलग-अलग होने के कारण शिक्षक एल.बी संवर्ग की पंचायत की सेवा को शिक्षा विभाग की सेवा में जोड कर पेंशन हित लाभ नहीं दिये जाने को सिरे से खारिज करते हुए यह स्पष्ट किया कि संवर्ग बदलने से कर्मचारी की सेवा समाप्त नहीं मानी जा सकती है।

शालेय शिक्षक संघ के प्रांतीय पदाधिकारी द्वय शैलेश सिंह एवं कुलदीप सिंह चैहान ने यह कहा कि हाई कोर्ट ने अपने निर्णय में यह बताया है , पेंशन कोई दान नही बल्कि आस्थगित वेतन है । वर्षो की सेवा को इसलिए नजरअंदाज नहीं किया जा सकता क्योकि शिक्षक एल.बी. संवर्ग का संविलियन बाद में हुआ है। कोर्ट ने शासन से संविलियन पूर्व सेवा एवं पेंशन हित लाभ हेतु शीघ्र स्पष्ट नियम बनाने हेतु निर्देश जारी करने को कहा है। शालेय शिक्षक संघ के पदाधिकारी श्रीमती दीपमाला वेक , पुरूषोत्तम लाल साहू , दिनेश गभेल , गजलू पोडियाम ,अंकित गुप्ता , धीरेन्द्र सिंह गौतम, विनय प्रधान , केशव स्वर्ण , आनंद मुडामी , देवेन्द्र धीवर ,दीपक शास्त्री ,योगेश सोनी , आशुतोष शिवहरे , नवीन मिश्रा , राजीव मिश्रा , नेहा नाथ , बृजबिहारी चक्रवर्ती आदि ने यह मांग की है कि शासन पेंशन के हित लाभ हेतु स्पष्ट निति का निर्धारण शीघ्र करें ताकि सेवानिवृत हो चुके व होने वाले शिक्षक एल.बी. सवर्ग को पेंशन का लाभ मिल सके।

## समाचार संक्षेप

### गणतंत्र दिवस पर शहीद चौक हमालपारा में राकेश गायत्री ने तिरंगा फहराया

**खरसिया, 26 जनवरी (तछसं.)।** आजादी के 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहीद चौक हमालपारा खरसिया में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शहीद भगतसिंह ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष एवं गीता महादेव जनसेवा फाऊंडेशन खरसिया के डायरेक्टर राकेश अग्रवाल गायत्री द्वारा तिरंगा फहराया गया इस अवसर पर देशभक्ति गीतों रंगारंग प्रस्तुति बच्चों द्वारा दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए राकेश अग्रवाल गायत्री ने कहा, आज का दिन हमारे देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह दिन हमें हमारे देश की स्वतंत्रता और एकता की याद दिलाता है। 26 जनवरी 1950 को हमारे देश का संविधान लागू हुआ था, जिसने हमें एक लोकतांत्रिक, संप्रभु और गणतंत्र देश बनाया। इस दिन से हमारे देश में लोकतंत्र की शुरुआत हुई और हमारा देश एक नए युग में प्रवेश किया। हमें अपने देश के संविधान पर गर्व होना चाहिए और इसके मूल्यों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। हमें अपने देश के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए और देश की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने तिरंगे को सलामी दी और देश की स्वतंत्रता और एकता के लिए शपथ ली। इस अवसर पर शहीद भगतसिंह ब्रिगेड के सदस्यों ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी और लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत की। पेन, कापी और अन्य सामग्री वितरित कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पेन, कापी और अन्य सामग्री वितरित किए गए, ताकि वे पढ़-लिखकर देश के अच्छे नागरिक बनें और देश के नींव बनें। कार्यक्रम का समापन कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। सभी उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान गाकर कार्यक्रम का समापन किया।



### सुरोखी के ग्रामीणों ने आयरन ओर डस्ट डंप किए जाने का किया विरोध



**दंतेवाड़ा 30 जनवरी (तछसं.)।** बैलाडिला के कच्चे लोहे के पहाड़ से निकलने वाला आयरन ओर डस्ट जिसे लाल जहर की संज्ञा दी गई है ये अब लौह खनन एरिया से होते हुए जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की जमीन तक पहुंच गई है और गांवों की उपजाउ जमीनों को बंजर कर रही है। जिसे रोकने न तो प्रशासन कोई कदम उठा रहा है ना ही ग्रामीण इस मामले में चाहकर भी कुछ कर पा रहे हैं। टेलिंग्स डंप किए जाने का मामला गीदम जनपद क्षेत्र के ग्राम सुरोखी से सामने आया है। गुरूवार को यहां के दर्जन भर से अधिक ग्रामीण दंतेवाड़ा कलेक्ट्रेड पहूंच कलेक्टर को पत्र सौंपकर सुरोखी में आयरन ओर लाल मिटटी की डंपिंग को शीघ्र ही बंद करने का आग्रह किया जिस पर कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने कहा कि टेलिंग्स किस जमीन पर हो रहा है क्या वह फारेस्ट का है या सरकारी भूमि पर डाला जा रहा है इसकी जांच करवाएंगे जिसके बाद ही इस पर कोई कारवाई की जाएगी।टेलिंग्स डंप किए जाने को लेकर सुरोखी के ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर से किए गए शिकायत पत्र में कहा गया है कि ग्राम पंचायत सुरोखी के राउत पारा में करीब 5 एकड़ की मरहान भूमि पर 26 जनवरी से बैलाडिला से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थ जिसे टेलिंग्स या फिर आयरन ओर लाल मिटटी डस्ट कहा जाता है उसे लाकर डंप किया जा रहा है। ग्रामीणों की मानें तो टेलिंग्स डंप करने से पूर्व पंचायत से कोई परमिशन भी नहीं लिया गया है। जमीन को करीब 10 फीट पहले जेसीबी या पोकलेन से गढढा किया जा रहा है उसके बाद उसी गढढे में टेलिंग्स डाला जा रहा है। अब तक करीब 200 हाईवा से ज्यादा आयरन ओर डंप किया जा चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस जगह पर आयरन ओर लाल मिटटी का डस्ट डाला जा रहा है उसी के कुछ फीट दूरी पर तालाब है, हैण्डपंप भी लगा है और पास ही खेत खलिहान भी हैं। ऐसे में इस आयरन ओर के डाले जाने से आसपास भूमि का जलस्त्रोत दूषित होगा जिससे खेत भी बंजर होंगे और पानी भी पीने योग्य नहीं रह जाएगा। ग्रामीण इस लाल जहर को अपने गांव क्षेत्र में डाले जाने से काफी आक्रोशित हैं। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि इस मामले में उनके पंचायत के सरपंच भी सामने आकर विरोध नहीं कर रहे हैं। विरोध करने चलना है कहने पर वो कहते हैं कि तुम लोग जाकर शिकायत करो मुझे नहीं करना। ग्रामीणों का कहना है कि सरपंच को इस मामले में मुखर होकर सामने आकर इसका विरोध करना चाहिए था मगर ऐसा नहीं हो रहा जिसका उन्हें बेहद दुख है। खैर ग्रामीणों ने बताया कि आयरन ओर को डंप करने से रोकने के लिए अगर प्रशासन जल्द ही कोई कदम नहीं उठाता है।

# गणतंत्र दिवस पर शिरडी साईं फाउंडेशन सेवा समिति ने कपड़े बांटे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गीदम, 30 जनवरी ।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर शिरडी साईं फाउंडेशन सेवा समिति, गीदम इकाई द्वारा सेवा, सहयोग एवं राष्ट्रभक्ति से जुड़ा सराहनीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्यों द्वारा ग्राम पंचायत पुरणतराई पहुँचकर जरूरतमंद ग्रामीणों एवं विद्यालय के बच्चों को कपड़ा एवं कंबल वितरण किया गया। कपड़ा वितरण कार्य के लिए समिति के सदस्य प्रकाश राठी, आलोक ठाकुर, शिव वीर सिंह चौहान एवं श्रीमती संजू चौहान ग्राम पंचायत पुरणतराई पहुँचे और स्वयं उपस्थित रहकर वितरण कार्य संपन्न कराया। ग्रामीणों ने समिति के इस मानवीय प्रयास की सराहना की। इसी क्रम में समिति द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ध्वजारोहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ध्वजारोहन नाका पारा में युथ क्लब जिम के सामने सम्पन्न हुआ, जिसे सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, गीदम के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा किया गया। बच्चों द्वारा किए गए ध्वजारोहन से पूरा वातावरण देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत हो गया। इस अवसर पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गीदम के प्राचार्य विजय दुबे एवं अन्य आचार्य दीदियों का सहयोग प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी समिति को प्राप्त हुआ। समिति के सदस्यों ने उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। ध्वजारोहन कार्यक्रम में नाका पारा के वरिष्ठ नागरिकों के साथ-साथ बड़ी संख्या में महिलाएँ एवं बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया तथा गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला गया। शिरडी साईं फाउंडेशन सेवा समिति, गीदम इकाई द्वारा केवल वस्त्र वितरण ही नहीं, बल्कि वर्ष भर विभिन्न सामाजिक एवं मानवीय कार्य भी किए जाते हैं। समिति द्वारासमय-समय पर रक्तदान शिविर, निराश्रित एवं जरूरतमंद मरीजों के इलाज में आर्थिक एवं अन्य सहयोग, जरूरतमंद परिवारों को वस्त्र व कंबल व अन्य सामग्री का वितरण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रमजैसे कार्यों के माध्यम से समाज सेवा में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाई जा रही है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुँचाना तथा सेवा, संवेदना और मानवता की भावना को मजबूत करना है। भविष्य में भी शिरडी साईं फाउंडेशन सेवा समिति गीदम इकाई द्वारा इसी प्रकार के सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों एवं उपस्थित नागरिकों ने समिति के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### भारत की जनगणना-2027 के लिए नियुक्ति संबंधी संशोधित निविदा 6 फरवरी तक आमंत्रित

**दंतेवाड़ा,30 जनवरी ।** कार्यालय कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार भारत की जनगणना 2027 कार्य के लिए जिला कार्यालय दन्तेवाड़ा, समस्त तहसीलों एवं नगरीय निकायों में तकनीकी सहायक हेतु कुल 13 कार्मिकों तथा एम.टी.एस. (चतुर्थ श्रेणी) 01 कार्मिक की माह-जनवरी 2026 से जून-2027 तक कुल 18 माह की अवधि के लिए एजेन्सी के माध्यम से नियुक्ति किये जाने हेतु 09 जनवरी 2026 को निविदा जारी कर इच्छुक पंजीकृत फर्मों, प्लेसमेंट एजेंसी, लेबर सप्लाइयर, कॉन्ट्रेक्टर, रजिस्टर, एनजीओ से 30 जनवरी 2026 को अपरान्ह 03 बजे तक बंद लिफाफे में दर आमंत्रित किया गया था जिसमे आंशिक संशोधन कर 06 फरवरी 2026 को अपरान्ह 03 बजे तक बंद लिफाफे में दर आमंत्रित किया जाता है। प्राप्त निविदा दिनांक 06 फरवरी 2026 को शाम 4.00 खोला जायेगा।

# जब समाज जागरूक होगा तभी अपराध कम होंगे : खेमसिंह चौहान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

खरसिया,30 जनवरी। 25 जनवरी गणतंत्र दिवस के पूर्व संध्या पर ह्यूमन राइट्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष खेमसिंह चौहान की अध्यक्षता मे एक वर्चुवल बेबीनार का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष खेम सिंह चौहान द्वारा वर्चुवल वेबीनार कार्यक्रम मे उपस्थित सभी का स्वागत करते हुए कहा की आज हम एक बेहद जरूरी और संवेदनशील विषय पर चर्चा करेंगे– पॉक्सो एक्ट, बच्चों की सुरक्षा, उनके अधिकार और आम जनता की जिम्मेदारी। बच्चे हमारे समाज का भविष्य हैं और उनकी सुरक्षा हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है।

बच्चों की सुरक्षा के लिए जागरूकता सबसे बड़ी ताकत है। मोहल्लों में बैठकें, स्कूलों में कार्यक्रम, पोस्टर, सोशल मीडिया अभियान और वेबिनार के जरिए समाज को जागरूक किया जा सकता है। जब समाज जागरूक होगा तभी अपराध कम होंगे।चौहान ने आगे कहा की आज के इस वेबिनार में हमारा उद्देश्य पॉक्सो कानून को आसान भाषा में समझना, बच्चों के अधिकार जानना और यह समझना है कि बच्चों की सुरक्षा में माता-पिता स्कूल और समाज की भूमिका क्या है। हम ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों तरह के खतरों पर बात करेंगे और शिकायत/रिपोर्टिंग की सही प्रक्रिया भी समझेंगे।पॉक्सो एक्ट का पूरा नाम है प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंसेस एक्ट। यह कानून 2012 में लागू हुआ और इसमें वह बच्चा माना गया है जिसकी उम्र 18 साल से कम है। यह कानून लड़के और लड़की दोनों को सुरक्षा देता है और बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करता है। दुख की बात है कि बच्चों के साथ होने वाले कई अपराध समाज में छुप जाते हैं। लोग डरते हैं कि बदनामी होगी, परिवार की इज्जत चली जाएगी। लेकिन हमें याद रखना चाहिए की इज्जत शिकायत से नहीं, अपराध होने से जाती है। यह कानून इसलिए जरूरी है ताकि अपराधी बच न सके और बच्चे को न्याय मिल सके। उन्होंने बताया कि बच्चों से पूछताछ के लिए पुलिस वर्दी में नहीं होना चाहिए और हो सके तो महिला अधिकारी पूछताछ करें वह भी थाने बुलाकर नहीं बल्कि किसी सुरक्षित स्थान पर या घर पर, पॉक्सो एक्ट के धाराओं के बारे में उन्होंने काफी विस्तार से जानकारी दी।उपरोक्त वर्चुअल बैठक में लॉ कॉलेज के प्राचार्य हरीकृष्ण पासवान ने बताया की पॉक्सो एक्स के अंतर्गत कई तरह के अपराध आते हैं- जैसे सेक्सुअल हैरेसमेंट, सेक्सुअल असॉल्ट और गंभीर अपराध।अगर अपराध करने वाला व्यक्ति शिक्षक, रिश्तेदार, डॉक्टर या पुलिस जैसा भरोसे वाला हो तो वह और ज्यादा गंभीर माना जाता है। आज के समय में ऑनलाइन अपराध जैसे बच्चों की फोटो/वीडियो लेकर ब्लैकमेल करना भी इस कानून में शामिल है। हर बच्चे को सुरक्षित जीवन जीने का अधिकार है। बच्चे को सम्मान, शिक्षा, स्वास्थ्य और संरक्षण मिलना चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण बात- बच्चे की बात को सुना जाए, समझा जाए और उस पर भरोसा किया जाए। बच्चे सिर्फ छोटे नहीं होते, बल्कि वो भी इंसान हैं जिनका सम्मान जरूरी है।

एडवोकेट कुमार धनंजय हाई कोर्ट इलाहाबाद- अक्सर हम सोचते हैं खतरा बाहर से होगा, लेकिन कई बार खतरा घर या परिचितों से भी होता है। स्कूल या ट्यूशन में भी कभी-कभी लापरवाही हो जाती है और आज मोबाइल व इंटरनेट के जरिए बच्चों को फंसाने के मामले बहुत बढ़ रहे हैं। इसलिए हमें बच्चों को सुरक्षित वातावरण देने के साथ-साथ जागरूक भी बनाना है। ऑनलाइन दुनिया में फेक आईडी बनाकर बच्चों से दोस्ती की जाती है, उन्हें बहलाया जाता है और फिर ब्लैकमेल किया जाता है। इसलिए माता-पिता को चाहिए कि बच्चों के फोन पर निगरानी रखें, स्क्रीन टाइम सीमित करें और उन्हें सिखाएं कि कोई भी निजी फोटो या जानकारी किसी को न दें। बच्चों को यह भरोसा दिलाएं कि अगर कुछ गलत हो जाए तो डरना नहीं है बल्कि बताना है। उन्होंने बच्चों के यौन अपराध के आंकड़े भी प्रस्तुत किये।अगर बच्चा अचानक डरने लगे, चुप रहने लगे, स्कूल जाने से मना करे या व्यवहार बदल जाए तो यह संकेत हो सकता है कि कुछ गलत है। अगर बच्चा कुछ बताता है तो सबसे पहले शांत रहें और ध्यान से सुनें। बच्चे को दोषी न ठहराएं, उसे भरोसा दें कि तुम्हारी गलती नहीं है। फिर उसे सुरक्षित रखें, जरूरत हो तो काउंसलिंग और मेडिकल मदद दिलाएं और उचित सूचना/शिकायत की प्रक्रिया अपनाएं। माता-पिता बच्चों के दोस्त बनें। पॉक्सो एक्ट में बच्चों की पहचान प्रतिबंधित है अपराधी से आमना सामना नहीं होना, चाहिए बच्चों को झूठा और दोषी नहीं ठहराया जाएगा, इसमें सीडब्ल्यूसी, डीएएलएसए, सरकार और पीड़ित पक्ष सभी पार्टी बनेंगे। 2 महीने में विवेचना पूर्ण कर अदालत में पेश की जाएगी। पीड़ित पक्ष को आर्थिक मदद, पुनर्वास, मुआवजा सरकार द्वारा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि बच्चों की सुरक्षा सिर्फ माता-पिता की नहीं पूरे समाज की जिम्मेदारी है।

अगर हम कहीं गलत होते देखें और चुप रह जाएं तो हम भी अपराध को बढ़ावा देते हैं- एडवोकेट डॉ. राजकुमार चौहान, हाई कोर्ट इलाहाबाद, दिल्ली अंत में धन्यवाद ज्ञापन देते हुए राष्ट्रीय महामंत्री एम. वहीद सिद्दीकी जी ने कहास्कूल और संस्थाओं को चाइल्ड सेफ्टी पॉलिसी लागू करनी चाहिए। स्टाफ का वेरिफिकेशन, अवेयरनेस सेशंस, सीसीटीवी और शिकायत की गोपनीय व्यवस्था जरूरी है। बच्चों को सुरक्षित माहौल देना स्कूल की नैतिक और कानूनी जिम्मेदारी है। पॉक्सो एक्ट एक कानून जरूर है लेकिन इसकी सफलता हमारे व्यवहार और जिम्मेदारी पर निर्भर है। बच्चे को सुरक्षित बचपन देना हमारा कर्तव्य है। आइए हम सब संकल्प लें कि हम बच्चों के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा करेंगे।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में खेम सिंह चौहान राष्ट्रीय अध्यक्ष, जगतवीर सिंह सिसोदिया राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, एम वहीद सिद्दीकी राष्ट्रीय महासचिव, एडवोकेट एचके पासवान राष्ट्रीय संयुक्त सचिव, एडवोकेट डॉक्टर राजकुमार चौहान प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश, श्री गणपत चौहान प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़, एडवोकेट फकीर मोहम्मद खान कार्यकारी अध्यक्ष महाराष्ट्र, एडवोकेट श्री सफदर अहमद सिद्दीकी महासचिव महाराष्ट्र, मेश मिश्रा प्रदेश अध्यक्ष उड़ीसा, एडवोकेट कुमार धनंजय उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश, अमित पांडेय महासचिव उत्तर प्रदेश, वरुण चौहान राष्ट्रीय प्रभारी आईटी सेल, पंकज सिंह राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य, डॉक्टर मैडम हिमानी सोम, प्राची तोमर मैडम, श्रीमती अरुणा चौहान मैडम, बीआर शेगांवकर जिला अध्यक्ष नागपुर, आशुतोष पाटिल, रामअवतार शर्मा, राकेश धीमान, परवेज रिजवी, अंकित जी, राम गोपाल सतेवाल, अंकेश जी, डॉक्टर देव शर्मा जी, जितेंद्र केसरी जी, साद अली,श्याम राज मिरी, अरमान हसन, राधेलाल भारद्वाज, दिनेश लाल,भूपेंद्र यादव आदि का सहयोग रहा।


समस्त प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
जिला आबकारी अधिकारी
एक शुभचिंतक


समस्त प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

उपायुक्त आदिवासी
विकास विभाग
एक शुभचिंतक

समस्त प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

जनपद पंचायत -बकावंड
सरपंच-सचिव
एक शुभचिंतक

समस्त प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

जनपद पंचायत -बस्तानार
सरपंच-सचिव
एक शुभचिंतक

समस्त प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

जनपद पंचायत -तोकापाल
सरपंच-सचिव
एक शुभचिंतक

# विधायक निधि जनता की निधि है, जिसका सदुपयोग जनहित में: सुनील सोनी

## रायपुर दक्षिण विधायक ने वार्ड-57 में पंजाबी कॉलोनी अरविन्द नगर में किया सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन

**रायपुर, 30 जनवरी।** रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 4 अंतर्गत पण्डित भगवती चरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 57 के अंतर्गत पंजाबी कॉलोनी अरविन्द नगर के पास रायपुर दक्षिण विधायक निधि मद से 5 लाख रूपये की स्वीकृत लागत से जनहित में जनउपयोग हेतु नवीन सामुदायिक भवन बनाने श्रीफल फोड़कर और कुदाल चलाकर भूमिपूजन किया.

भूमिपूजन पण्डित भगवती चरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 57 के पार्षद और रायपुर नगर निगम के एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी सहित महिलाओं, गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, नवयुवकों, आमजनों की उपस्थिति में रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने किया. रायपुर दक्षिण विधायक ने कहा कि रायपुर दक्षिण विधायक निधि आम जनता की निधि है और इसका आम जनता सुविधा के लिए जनहित में सदुपयोग किया जाता है. दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने तत्काल स्वीकृति अनुसार नया सामुदायिक भवन दक्षिण विधायक निधि मद से अरविन्द नगर पंजाबी कॉलोनी में सम्बंधित स्थल पर बनाया जाना प्रारम्भ करवाते हुए तय समयसीमा के भीतर गुणवत्ता सहित प्राथमिकता से जनहित में शीघ्र पूर्ण करवाना सुनिश्चित करवाने नगर निगम जोन 4 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव को निर्देशित किया. वार्ड 57 पार्षद एवं नगर निगम एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी ने वार्ड 57 क्षेत्र में रायपुर दक्षिण विधायक निधि मद से नया सामुदायिक भवन बनाने भूमिपूजन कर कार्यरम्भ किये जाने पर सभी वार्डवासियों की ओर से रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी को हार्दिक धन्यवाद दिया.



## एक नजर

### गांजा बेचने वाली महिला गिरफ्तार



**तिल्दा नेवरा, 30 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस ने ऑपरेशन निश्चय के तहत बढ़ते दबाव के चलते अपराधियों द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी, खरीदी एवं बिक्री के लिए नए-नए पैटर्न अपनाए जा रहे हैं, किंतु पुलिस द्वारा उनकी रणनीतियों को भेदते हुए लगातार प्रभावी कार्रवाई कर आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा रही है। गिरफ्तार महिला आरोपीया ङ्क मधु मिश्रा पति परस मिश्रा उम्र 30 साल निवासी वार्ड क्रमांक 22 शमशान घाट के पास अटल निवास सासाहोली थाना तिल्दा नेवरा रायपुर है। ऑपरेशन निश्चय के तहत बढ़ते दबाव के चलते अपराधियों द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी, खरीदी एवं बिक्री के लिए नए-नए पैटर्न अपनाए जा रहे हैं, किंतु पुलिस द्वारा उनकी रणनीतियों को भेदते हुए लगातार प्रभावी कार्रवाई कर आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा रही है।

### पट्टे में फंसने से महिला की मौत

**भाटापारा, 30 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादाता)।** बुधवार शाम 4 बजे के आसपास दाल मिल मे काम कर रही एक महिला मजदूर की मिल के पट्टे मे फंस जाने से मौत हो गई। घटना के संबंध मे जानकारी देते हुए एसडीओपी तारेश साहू ने बताया दुर्गा पल्सेस (दाल मिल) मे पंचशील नगर की निवासी संतोषी यादव पति धनराज यादव उम्र 40 साल मिल मे काम कर रही थी कि अचानक मिल के हापर पट्टा मे महिला का गमछा जिसे वह मुंह मे बांध कर रखी थी वह पट्टे मे फंस गया और गमछा महिला के गले मे बुरी तरह से कस गया जिसके चलते उसकी मौत हो गई एसडीओपी तारेश साहू ने बताया मिल पंकज थारानी की है घटना के बाद मौके पर पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की विवेचना कर रही है।

### श्रमिक पंजीयन नवीनीकरण कराना अनिवार्य

**बलौदाबाजार, 30 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** श्रम विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत पंजीकृत ऐसे श्रमिक 5 वर्ष पश्चात श्रमिक पंजीयन का नवीनीकरण नहीं कराया है उन्हें नवीनीकरण कराना होगा। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि ऐसे पंजीयन जिनकी वैधता समाप्ति हुये 1 वर्ष या उससे अधिक का समय हो चुका है तथा उनके द्वारा पंजीयन नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है। ऐसे पंजीयनों को निष्क्रिय पंजीयन की श्रेणी में रखा जाना है। जिसके पश्चात् के शासन के योजनाओं का लाभ नहीं ले सकते।वर्तमान में जिले में कुल 114108 निर्माण श्रमिकों का पंजीयन किया है, जिसमें से 44734 श्रमिकों का पंजीयन की वैधता समाप्त हो चुकी है। उपरोक्त श्रमिकों द्वारा पंजीयन नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है। नवीनीकरण हेतु प्रत्येक जनपद पंचायतों में स्थित श्रम संसाधन केन्द्रों, विभाग के वेबसाईट ह्यद्धह्लह्लश्चद्व1-द्ध्रह्व4ङ्खह्लद्र.ष्द्द.द्दश1.द्बह्व, श्रमेव जयते ऐप या श्रम कार्यालय के कक्ष क्रमांक 117 कलेक्टर परिसर तथा च्वॉईस सेन्टर के माध्यम से पंजीयन नवीनीकरण के आवश्यक दस्तावेज 90 दिन कार्य करने का घोषणा पत्र, आधार कार्ड, बैक खाता, मोबाईल नंबर के साथ आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

### दाल-भात केन्द्र संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार, 30 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गिरौदपुरी मेला में अस्थायी दाल -भात केंद्र संचालन हेतु जिले के महिला स्व सहायता समूहों से 12 फरवरी 2026 तक आवेदन आमंत्रित किये गए है। आवेदन विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय कसडोल में जमा करना होगा। महिला स्व सहायता समूहों द्वारा निर्धारित प्रारूप में आवेदन निर्धारित तिथि तक किया जा सकेगा। निर्धारित तिथि के बाद आवेदन मान्य नही होगा।

### पेंशन एवं वेतन निर्धारण शिविर में किया गया समस्याओं का समाधान

**बलौदाबाजार, 30 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर संभागीय संयुक्त संचालक कोष, लेखा एवं पेंशन रायपुर द्वारा पेंशन एवं वेतन निर्धारण सम्बधित लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु कैम्प का आयोजन जिला पंचायत सभाकक्ष किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी सहित संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन के सहायक संचालक दयाशंकर देवांगन,सहायक आतंरिक लेखा परीक्षण अधिकारी संदीप साहु एवं रामाधार साहु उपस्थित थे। कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि यह महत्वपूर्ण शिविर है जिसके माध्यम से विभागों में अधिकारी कर्मचारियों के वेतन निर्धारण एवं पेंशन से सबंधित प्रकरणों का निराकरण किया जा सकता है। कई आपत्तियों का निराकरण नहीं होने से कर्मचारियों का पेंशन एवं वेतन निर्धारण लंबित रहता है। शिविर में दी जा रही जानकारियों को गंभीरतापूर्वक लें और निराकरण कराएं।

# तकनीकी और एआई के उपयोग से छत्तीसगढ़ मार्कफेड की धान खरीद प्रक्रिया हुई पारदर्शी

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में लागू की गई है नई तकनीक




**रायपुर, 30 जनवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ, यानी मार्कफेड, ने धान उपार्जन प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और कुशल बनाने के लिए एक नई पहल शुरू की है। इस योजना के तहत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित सीसीटीवी निगरानी और इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) का उपयोग किया गया है। अब राज्य के 2,739 उपार्जन केंद्रों पर धान की रीयल-टाइम निगरानी की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि यह परियोजना भारत में अपनी तरह की पहली है, जो किसानों के हितों की सुरक्षा करते हुए सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग को रोकने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

छत्तीसगढ़ में धान की खरीद हर साल बढ़ती जा रही है। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देश में सबसे अधिक होने के कारण कभी-कभी धोखाधड़ी की घटनाएं भी सामने आती थीं। पिछले वर्षों में बालोदा बाजार, बिलासपुर और रायगढ़ जैसे जिलों में करोड़ों रुपये की हेराफेरी हुई, जिसमें फर्जी किसान पंजीकरण, रिकॉर्ड में गड़बड़ी और धान की चोरी शामिल थी। अनुमान है कि सिर्फ 1त्न लीकेज से भी सरकार को सालाना लगभग 464 करोड़ रुपये का नुकसान होता है।

इन समस्याओं से निपटने के लिए मार्कफेड ने आईटीआई लिमिटेड के साथ साझेदारी की। आईटीआई ने नेटवर्क प्रबंधन, उपकरण स्थापना और तकनीकी सहायता सहित पूरे परियोजना को सक्षम बनाया। इस योजना के संचालन और निगरानी की जिम्मेदारी आईएसएस अधिकारी जितेंद्र कुमार शुक्ला के देख-रेख में की जा रही है। यह तकनीकी पहल छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में लागू की गई है।

यह धान खरीद प्रक्रिया नवंबर 2025 से शुरू हुई और 31 जनवरी 2026 तक चलेगी। तकनीकी सहयोग से अब धान खरीद प्रक्रिया पहले से कहीं अधिक पारदर्शी और सुरक्षित हो गई है। अब धान खरीद सेंटर से लेकर सरकार द्वारा सूचीबद्ध राइस मिल तक धान की आवाजाही पूरी तरह नियंत्रित है। इसके अलावा, चावल को उसके उपयोग के अनुसार अलग-अलग स्थानों पर भेजा जाता है और चावल में मिलावट पर कड़ा नियंत्रण रखा गया है। यह प्रणाली सीमावर्ती राज्यों से तस्करी कर खरीद केंद्र पर धान बेचने जैसी गड़बड़ियों को भी रोकती है।

परियोजना की मुख्य विशेषताओं में सबसे पहले एआई आधारित सीसीटीवी निगरानी शामिल है। हर उपार्जन केंद्र पर कम से कम दो एआई कैमरे लगाए गए हैं, जो प्रवेश और निकास, तौल क्षेत्र और भंडारण स्थलों की 24×7 निगरानी करते हैं। यह सिस्टम कम रोशनी में भी काम करता है, मोशन डिटेक्शन करता है, छेड़छाड़ होने पर तुरंत अलर्ट देता है और दो-तरफा संवाद की सुविधा भी देता है।

इसके अलावा, आईसीसीसी का केंद्रीकृत पर्यवेक्षण रायपुर में स्थापित किया गया है। यहां 6 तकनीकी कर्मचारी पूरे राज्य के उपार्जन केंद्रों की गतिविधियों पर नजर रखते हैं। आईसीसीसी में वीडियो वॉल, केंद्रीय सर्वर, जीपीएस इंटीग्रेशन और सुरक्षित डेटा स्टोरेज की व्यवस्था है, जिससे किसी भी तरह की गड़बड़ी का तुरंत पता चल सके।

मार्कफेड ने अधिकारियों के लिए ऐप भी विकसित किया है। इसके जरिए अधिकारियों को जीपीएस आधारित उपस्थिति, अलर्ट डैशबोर्ड और भूमिका-आधारित पहुंच नियंत्रण की सुविधा मिलती है। इससे रीयल-टाइम में सभी गतिविधियों की जानकारी मिलती है और आवश्यक कदम तुरंत उठाए जा सकते हैं।

जिला स्तरीय प्रतिक्रिया टीमों के माध्यम से जमीन पर भी निगरानी होती है। नोडल अधिकारी और पर्यवेक्षक समस्याओं का तुरंत समाधान करते हैं।

मार्कफेड के प्रबंध निदेशक ने कहा कि, यह परियोजना न केवल आर्थिक नुकसान को कम करेगी, बल्कि छत्तीसगढ़ को कृषि-तकनीकी शासन में अग्रणी राज्य बनाएगी। परियोजना की सफलता से अन्य राज्य भी प्रेरित हो रहे हैं और इसी मॉडल को अपनाने की संभावना देखी जा रही है। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ, यानी मार्कफेड, किसानों को समर्थन देने, धान उपार्जन प्रक्रिया संचालित करने और कृषि उत्पादों के विपणन में अग्रणी भूमिका निभाता है। इसका मूल मंत्र है ङ्क किसानों को सशक्त बनाना, जवाबदेही सुनिश्चित करना, विश्वास का निर्माण।

यह परियोजना छत्तीसगढ़ की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हो रही है। तकनीक और एआई के सहयोग से धान खरीद की पूरी प्रक्रिया अब पहले से कहीं अधिक पारदर्शी और भरोसेमंद हो गई है।

# साहू समाज पदाधिकारियों को विधायक ने दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ



■ समारोह में तहसील साहू संघ एवं पांच परिक्षेत्रों मोपका, तरेंगा, सिंगारपुर, मोपर एवं नगर साहू समाज के सदस्य रहे उपस्थित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 30 जनवरी।** तहसील साहू संघ का शपथ ग्रहण और राजिम जयंती समारोह सिंगारपुर (मावली) में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इन्द्र साव थे। प्रमुख अतिथि- सत्यप्रकाश साहू उपाध्यक्ष छ ग प्रदेश साहू संघ, अति विशिष्ट अतिथि-धनंजय साहू पूर्व जिलाध्यक्ष बलौदाबाजार, महेंद्र (मोनू) साहू जि.पं.सदस्य पलारी, विशेष अतिथि- जगदीश साहू अध्यक्ष तह. साहू संघ पलारी, सरोज साहू अध्यक्ष सुहेला, अशोक साहू अध्यक्ष लवन, हरिकांत साहू अध्यक्ष कसडोल और रामगोपाल साहू अध्यक्ष टूंड्रा थे। शपथ ग्रहण समारोह में तहसील साहू संघ एवं पांच परिक्षेत्रो - मोपका, तरेंगा, सिंगारपुर, मोपर एवं नगर साहू समाज भाटापारा के निर्वाचित एवं मनोनीत पदाधिकारियों को मुख्यअतिथि ने पद एवं कर्तव्यो की शपथ दिलाई। इसके उपरांत समाज के ग्रामीण अध्यक्षो ने भी शपथ लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि इन्द्र साव ने शपथ लेने वाले समस्त पदाधिकारियो को बधाई देते हुए कहा आप लोगो मे असीम ऊर्जा, प्रतिभा और सामाजिक संगठन को मजबूत करने की क्षमता है। समाज को बहुत उम्मीद भी है निष्ठा पूर्वक विभिन्न गतिविधियों मे सक्रिय भागीदारी निभाएंगे इस उद्देश्य से समाज ने आपको चुना है।

विधायक साव ने आगे कहा समाज की कुलदेवी संत माता कर्मा, भक्तिन राजिम माता, दानवीर भामाशाह जैसे अनेक महान विभूतियों के जीवन चरित्र को अपने जीवन मे आत्मसात कर समाज की भाविपीढ़ी एवं युवाओ को प्रेरित करे। प्रमुख अतिथि सत्य प्रकाश साहू ने कहा कि समाज की तरक्की के लिए हमें योजनाबद्ध ढंग से काम करना होगा साथ ही समाज के प्रतिभाओं को आगे बढ़ाना होगा। पूर्व जिलाध्यक्ष धनंजय साहू ने समाज से शिक्षा ,स्वास्थ्य, रोजगार एवं महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर देने का आह्वान किया।

समारोह को अन्य अतिथियों ने भी सम्बोधित किया। तहसील साहू संघ भाटापारा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कुलेश्वर साहू ने कहा कि हम सभी बुजुर्गों का मार्गदर्शन लेते हुए समाज को संगठित करने का काम करेंगे। अंत में आभार तहसील साहू संघ के अध्यक्ष कुलेश्वर साहू ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अजय साहू ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेश साहू, तिहारु राम साहू, कमलेश साहू,वीरेंद्र साहू, सहदेव साहू, ममता साहू, सती साहू,नीरादेवी साहू, डॉ वीणा साहू, प्रमिला साहू, हिरमत बाई साहू, घनाराम साहू, दयालु राम साहू, भरत साहू, कोमल साहू, रामसागर साहू, मनोहर साहू, बाबूलाल साव, रोशन साहू, मनहरण साहू, तिलक साहू,वीरेंद्र साहू, नारायण साहू, पीलाराम साहू आदि का सहयोग रहा।

# 78वें निर्वाण दिवस पर महात्मा गाँधी को विधायक सुनील सोनी ने किया सादर नमन



**रायपुर, 30 जनवरी।** आज महात्मा गाँधी के 78वें निर्वाण दिवस पर रायपुर नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में रायपुर नगर निगम जोन 4 के सहयोग से ऐतिहासिक टाउनहाल के प्रांगण में मूर्ति स्थल के समक्ष उन्हें सादर नमन करने संक्षिप्त पुष्पांजलि आयोजन रखा गया, जिसमें पहुंचकर रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने महात्मा गांधी को निर्वाण दिवस शहीद दिवस पर सादर नमन किया. नगर निगम संस्कृति विभाग के तत्वावधान में और नगर निगम जोन क्रमांक 4 के सहयोग से रखे गए संक्षिप्त पुष्पांजलि आयोजन में प्रमुख रूप से रायपुर नगर पालिक निगम के सभापति सूर्यकान्त राठौड़, संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, राजस्व विभाग अध्यक्ष अवतार भारती बागल सहित राजधानी शहर रायपुर के गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, आमजनों ने महात्मा गाँधी को 78वें निर्वाण दिवस शहीद दिवस पर मूर्ति स्थल पर पहुंचकर आदरांजलि अर्पित की.

# विधि कालेज में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 30 जनवरी।** स्थानीय गोविंद सारंग शासकीय विधि महाविद्यालय में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस गरिमामय वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य डॉ. रीता दीवान ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। इस वर्ष गणतंत्र दिवस का उत्साह दोगुना रहा, 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में महाविद्यालय परिवार द्वारा सामूहिक गायन का विशेष आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. दीवान ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को संविधान के मूल्यों के संरक्षण और राष्ट्र सेवा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ सहित डॉ. राम आशीष श्रीवास्तव, डॉ. निधि मिश्रा, डॉ. ऋषिराज पाण्डेय, डॉ. ललित कुमार, डॉ. महेंद्र कुमार शर्मा, दिलीप कुमार सोनी, किरण चंद्राकर एवं श्रीमती अफ़रोज़ कुरैशी के साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# शराब की अवैध बिक्री करने वाले 2 कोचिए गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 30 जनवरी।** 28 जनवरी को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना पलारी की पुलिस टीम द्वारा दतान रोड पलारी के पास एवं बालसमुंद तालाब के पास पलारी में घेराबंदी कर अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब ले जाते हुए 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचियों से ?7200 कीमत मूल्य का 12.96 बल्क लीटर देशी मसाला शराब एवं अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त एक लूना मोटरसाइकिल क्रमांक ष्टत्22 1073 जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना पलारी में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपियों के नाम फत्तेलाल चेलक उम्र 40 साल निवासी ग्राम दतान थाना पलारी, दुलेश्वर प्रसाद साहू उम्र 52 साल निवासी वार्ड क्रमांक 07 पलारी थाना पलारी है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202601092100026
अ/6 वर्ष 2025-26

## ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक इन्दरपाल सिंह राजा पिता हरजिन्दर सिंह निवासी विनोबा भावे वार्ड नंबर 13 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि नजूल शहर विनोबा भावे वार्ड नंबर 13 डोंगरगढ़ नगर पालिका डोंगरगढ़ अंतर्गत शीट क्रमांक 6 भूखण्ड क्रमांक 1962/3 क्षेत्रफल 580 वर्गफीट भूमि भूभाटक 1.70 रूपये जिसको आवेदक पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम दिनांक 16/01/2026 को क्रय किया है। अतः क्रय की गई भूमि को आवेदक अपने नाम से नामांतरण किये जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 09/02/2026 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं. नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**डोंगरगढ़ (छ.ग.)**

**न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव छ.ग.**

## //नोटिस//

**उत्तराधिकार प्र.क्र. 11/2025**
**पेशी तिथि- 20/02/2026**
**प्रोसेस क्र. 12/2026**

**सत्येन्द्र कोर्राम व अन्य............... आवेदकगण।**
**बनाम**
**श्रीमती रेखा कोर्राम व अन्य............... अनावेदकगण।**

**//आम जनता//**

**भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 372**

आवेदकगण - 01 सत्येन्द्र कोर्राम पिता स्व. बिरेन्द्र कोर्राम, 02 सोनई पति स्व. बिरेन्द्र कोर्राम, दोनों निवासी-ग्राम नयानार तहसील व जिला नारायणपुर छ.ग. मृतक के परिजन है।

यह कि मृतक बिरेन्द्र कोर्राम की मृत्यु दिनांक 18/03/2021 को हो गई है। **मृतक बिरेन्द्र कोर्राम पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर पदस्थ था तथा मृत्यु उपरान्त पुलिस विभाग से परिवार को मिलने वाले स्वत्वों की देयक लगभग 12,00,000/- रूपये एवं अनावेदक क्रमांक 01 श्रीमती रेखा कोर्राम को अनुकम्पा नियुक्ति एवं अनावेदक क्रमांक 03 को** पेंशन की राशि को मृतक बिरेन्द्र कोर्राम के मृत्यु पश्चात् आवेदकगण प्राप्त करने की विधिक उत्तराधिकारी होकर उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने के अधिकारी है।

**पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव जिला कोण्डागांव छ.ग.** में मृतक के उक्त जमा राशि आवेदकगण को आहरित नही किये जाने से अनावेदक क्रमांक 05 आम जनता को पक्षकार बनाया गया है। मृतक के स्वत्व में जमा की राशि प्राप्त करने हेतु आवेदकगण द्वारा उत्ताराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस आवेदन पत्र की सुनवाई **दिनांक 20/02/2026 को दिन के समय 11.00 बजे** होगी।

इस सूचना के जरिये सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि यदि मृतक की उपरोक्त चल सम्पति में किसी को कोई अधिकार प्राप्त है, तो उपरोक्त नियत तिथि को स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होवे, अन्यथा इस सूचना के पश्चात् उपस्थित न होने पर आपकी अनुपस्थिति में आवेदन पत्र की सुनवाई की जावेगी।

यदि आवेदन की सुनवाई उपरोक्त नियत तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित होने के कारण नहीं होता है, अथवा उक्त नियत तिथि को मैं अवकाश पर जाती हूँ या अन्य किसी कारण से सुनवाई उक्त तिथि में नहीं होती है, तो उसके पश्चातवर्ती नियत किये तिथि में आवेदन की सुनवाई की जावेगी और उक्त तिथि को भी आपके अनुपस्थित रहने पर आपके विरुद्ध एकपक्षीय रूप से आवेदकगण के आवेदन का निराकरण किया जावेगा।

आज दिनांक 27/01/2026 को इस न्यायालय के मोहर एवं मेरे' हस्ताक्षर से सूचना जारी किया गया है।

मुहर

**रेशमा बैरागी पटेल**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ श्रेणी**
**कोण्डागांव, जिला- कोण्डागांव (छ.ग.)**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई जिला-दुर्ग**

## //सार्वजनिक सूचना//

**क्रमांक/सात/दो/भ.अ./2026/1138/422 भिलाई, दिनांक 22/1/2026**

कार्यालय नगर तथा ग्राम निवेश दुर्ग के पत्र क्रमांक 5029 दिनांक 01.01.1993 के माध्यम से ग्राम-जुनवानी, प.ह.न. 56/15. खसरा न. 22/1 तथा 26/3 कुल रकबा 14.82 एकड़ पर बहुर सिंह आ. श्री चोवाराम साहू, जुनवानी द्वारा प्रस्तावित SBI कॉलोनी हेतु आवासीय (भूखण्डीय) विकास अनुज्ञा स्वीकृत की गई थी, स्वीकृत विकास अनुज्ञा में दर्शित शर्तों तथा छ.ग. नगरपालिका (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण, निबंधन एवं शर्ते) नियम, 1998 के नियम के 10 में दर्शित प्रावधान अनुसार श्री बहुर सिंह आ. श्री चोवाराम साहू द्वारा कमजोर आय वर्ग (ई.डब्लयू.एस.) हेतु कुल योजना भूमि का 15 प्रतिशत रकबा 2.22 एकड़ आरक्षित रखा जाना था. इसी प्रकार छ.ग. भूमि विकास नियम 1984 के नियम 47 के प्रावधान अनुसार सामुदायिक खुला क्षेत्र कुल योजना क्षेत्र का 10 प्रतिशत अर्थात् 1.20 एकड़ आरक्षित रखा जाना था, जिसे उनके द्वारा अप्राधिकृत रूप से भूखण्डों का उप-विभाजन कर विक्रय किया गया है।

इस प्रकार श्री बहुर सिंह आ. श्री चोवाराम साहू द्वारा छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम 1956. छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम 1984 एवं छत्तीसगढ़ नगरपलिका (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण, निर्बधन एवं शर्ते) नियम 1998 सहमठित छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम तथा नगर पालिका (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण, निर्वधन एवं शर्ते) नियम, 2013 के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया है। नियमों के निरन्तर उल्लंघन से उपरोक्त कॉलोनी, अवैध कॉलोनी की श्रेणी में है।

छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 292 एफ(2) में प्रावधान किया गया है कि 'आयुक्त, अवैध कॉलोनी निर्माण की भूमि का प्रबंध अधिग्रहित करने के प्रयोजन के लिए स्थानीय समाचार पत्रों में 3 बार सार्वजनिक सूचना प्रकाशित करेगा, ऐसी सूचना के प्रकाशन के पश्चात् यादि किसी कॉलोनी निर्माण करने वाले या भू-खण्ड धारक से कोई आपत्ति प्राप्त होती है तो आयुक्त द्वारा उस पर विचार किया जायेगा और यदि कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो आयुक्त ऐसी भूमि प्रबंध अधिग्रहित करेगा और उस क्षेत्र के लिए योजना बनायेगा तथा उसे ऐसी रीति तथा ऐसी शर्तों के अध्याधीन विकसित करेगा जैसे कि विहित किया जाये।'

उपरोक्त तथ्यात्मक/वैधानिक स्थितियों पर समुचित विचारोपरान्त नगरपालिक निगम भिलाई द्वारा श्री बहुर सिंह आ. श्री चोवाराम साहू द्वारा ग्राम-जुनवानी, प.ह.न. 56/15, खसरा न. 22/1 तथा 26/3 कुल रकबा 14.82 एकड़ पर प्रस्तावित SBI कॉलोनी एवं उक्त भूमि का प्रबंध उपरोक्त अधिनियम 1956 की धारा 292-एफ(2) के अधीन अधिग्रहित किये जाने का प्रस्ताव है। उक्त कॉलोनी/भूमि का प्रबंध निगम द्वारा अधिग्रहित किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 15 दिवस के भीतर इस कार्यालय में कक्ष क्रमांक 04 में स्वंय या प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम**

## एक नजर

### गलत सत्यापन के चलते सैकड़ों किसान धान बेचने से वंचित

**रायपुर, 30 जनवरी।** जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने जिले में जारी धान



खरीदी व्यवस्था को लेकर जिला नोडल अधिकारी श्रीमती पिंकी मनहर से गंभीरतापूर्वक चर्चा की। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अधिकारियों या कर्मचारियों की किसी भी प्रकार की लापरवाही के कारण जिले का एक भी किसान समर्थन मूल्य पर धान बेचने से वंचित नहीं रहना चाहिए। किसानों के हितों के साथ किसी भी स्तर पर समझौता स्वीकार्य नहीं है जिला पंचायत अध्यक्ष ने चर्चा के दौरान बताया कि बेमेतरा जिले के कई ग्रामों से लगातार किसानों की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। किसानों का कहना है कि धान विक्रय से पूर्व किया गया भौतिक सत्यापन त्रुटिपूर्ण एवं असंवेदनशील तरीके से किया गया, जिसके कारण वे अपनी उपज सोसायटियों में नहीं बेच पा रहे हैं। यह स्थिति न केवल किसानों के आर्थिक हितों को प्रभावित कर रही है, बल्कि शासन-प्रशासन के प्रति उनके विश्वास को भी आघात पहुँचा रही है उन्होंने विशेष रूप से बलोदी, मुड़पार, बार गांव, मटिया, कोस्पातर सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन गांवों के कई मेहनतकश किसान सत्यापन की छोटी-छोटी प्रशासनिक त्रुटियों के कारण गंभीर मानसिक और आर्थिक तनाव का सामना कर रहे हैं।

### वेदांता एल्युमीनियम गुणवत्ता में अग्रणी

**रायपुर, 30 जनवरी।** वेदांता एल्युमीनियम ने 18 बीआईएस (भारतीय मानक ब्यूरो) प्रमाणनों के साथ गुणवत्ता और अनुपालन में अपनी अग्रणी स्थिति और मजबूत की है। कंपनी के झारसुगुड़ा स्मेल्टर और कोरबा स्थित बाल्को इकाई को ये प्रमाणन प्राप्त हुए हैं। बाल्को ने आईएस 9997:2023 के तहत उच्च-गुणवत्ता एल्युमीनियम एलॉय वायर रॉड्स के लिए अपना 8वां बीआईएस प्रमाणन हासिल किया। ये उत्पाद पावर ग्रिड, ऑटोमोटिव और उन्नत इंजीनियरिंग क्षेत्रों में उपयोगी हैं। वेदांता एल्युमीनियम के सीईओ राजीव कुमार ने कहा कि गुणवत्ता और नवाचार कंपनी की विकास रणनीति के प्रमुख स्तंभ हैं, जो भारत की टिकाऊ औद्योगिक प्रगति को समर्थन देते हैं।

### रायपुर बनेगा व्यापार का राष्ट्रीय केंद्र

**रायपुर, 30 जनवरी।** देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया

**20 से 24 फरवरी तक नेशनल ट्रेड एक्सपो**

ट्रेडर्स के तत्वावधान में आगामी 20 से 24 फरवरी 2026 तक राजधानी रायपुर में आयोजित होने जा रहे नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 को लेकर आज कैट एवं विभिन्न व्यापारिक संगठनों की एक महत्वपूर्ण बैठक कैट के प्रदेश कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में एक्सपो की रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं व्यापारिक सहभागिता पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसके पश्चात डोम एवं स्टॉल की बुकिंग तत्काल प्रारंभ कर दी गई। बैठक में कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ चैप्टर के चेयरमेन जितेंद्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, वासु मखीजा, राम मंधान, भरत जैन, राकेश ओचवानी एवं शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से जानकारी दी।

### सेवानिवृत्त कर्मचारी दुष्यंत मेश्राम का सम्मान

**रायपुर, 30 जनवरी।** छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालयीय पेंशनर्स कल्याण संघ के अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्र एवं सचिव शिरीष त्रिवेदी ने बताया कि शहीद महेंद्रकर्मा बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर के पहले सेवानिवृत कर्मचारी हैं दुष्यंत मेश्राम उच्च श्रेणी लिपिक सामान्य प्रशासन विभाग इसी माह अपनी अधिवार्षिकी पूर्ण करते हुए सेवानिवृत हो रहे हैं इनका सम्मान करने के लिए छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालयीय पेंशनर्स कल्याण संघ के अध्यक्ष प्रदीप मिश्र बस्तर वि वि जाकर कुलपति के सचिवालय में कुलपति मनोज कुमार श्रीवास्तव की मौजूदगी में उनके साथ मिलकर मेश्राम को शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

# घटिया खाद्यान्न के लिए अब जिला प्रबंधक भी जिम्मेदार



**रायपुर, 30 जनवरी।** नागरिक आपूर्ति निगम मुख्यालय नवा रायपुर में प्रदेश के सभी जिलों से आये जिला प्रबंधकों एवं तकनीकी अधिकरियों की एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता संजय श्रीवास्तव अध्यक्ष नागरिक आपूर्ति निगम ने की। संजय श्रीवास्तव ने कहा कि खाद्यान्न की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं किया जायेगा। गोदामों का नियमित रूप से निरीक्षण करे। यदि किसी भी जिले में खाद्यान्न के गुणवत्ता की शिकायत सही पायी जाती है तो संबंधित जिला प्रबंधक पर सख्त कार्यवाही किया जायेगा।

समीक्षा बैठक में निगम अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने सभी जिला प्रबंधकों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी जिलो में खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित करें, ताकि हितग्राहियों को समय पर राशन मिल सके। राशन के भंडारण के लिए गति बढ़ाकर काम करें तथा यह भी सुनिश्चित करें कि चावल की गुणवत्ता निर्धारित मापदण्ड अनुसार हो, जिसका निर्देश मुख्यालय द्वारा समय-समय पर जारी किया जाता है। संजय श्रीवास्तव ने निगम मुख्यालय के अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि सभी एरिया आफिसर अपने प्रभार जिलो का आकस्मिक निरीक्षण करें तथा दौरे का निरीक्षण प्रतिवेदन से मुख्यालय को अवगत करायें। नान के अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के अधिकारियों/कर्मचारियों के समस्या निराकरण हेतु एक अधिकारी की भी नियुक्ति करें।

बैठक के अंत में प्रबंध संचालक श्रीमती इफ्फत आरा ने अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी को धन्यवाद दिया। बैठक में निगम मुख्यालय से राजेश सिसोदिया कार्यपालन संचालक, संदीप अग्रवाल कंपनी सचिव हेमंत मत्स्यपाल, एजीएम (प्रशासन) महेन्द्र साहू, एजीएम (सूचना प्रणाली) एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।




**रायपुर, 30 जनवरी।** गणतंत्र दिवस पर भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज एवं जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सकरी एवं शासकीय हाईस्कूल अभनपुर में झंडा फहराया। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम सकरी में कम्प्यूटर लैब एवं सीसी रोड का लोकार्पण किया।

# राडा ऑटो एक्सपो में रिकॉर्ड तोड़ बिक्री



**रायपुर, 30 जनवरी।** राजधानी रायपुर के श्रीराम बिजनेस पार्क में जारी रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन (राडा) के ऑटो एक्सपो-26 पहुंचकर जल्द से जल्द अपने मनपसंद वाहनों की खरीदारी कर लें क्योंकि कई कंपनियों के ऑफर को अब सिर्फ2 दिन शेष रह गए हैं। हालांकि, 50 प्रतिशत रोड टैक्स की छूट 5 फरवरी तक मिलेगी लेकिन कई वाहन कंपनियों के शानदार छूट 31 जनवरी को खत्म हो जाएंगे। एक्सपो में टैक्स छूट और कंपनियों के ऑफर के चलते रिकॉर्डतोड़ बिक्री हो रही है। अब तक 18 हजार से अधिक वाहनों की बिक्री हो चुकी है।

एक्सपो में गुरुवार को मुख्यअतिथि छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक) के केदार गुप्ता, धरसींवा विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा और भाजपा के छत्तीसगढ़ मीडिया प्रभारी सीए अमित चिमनानी थे। विधायक शर्मा ने अपने खास अंदाज से एक्सपो में पहुंचे सभी लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया। अतिथियों ने राडा के एक्सपो की सराहना करते हुए ग्राहकों से कहा कि रोड टैक्स में छूट छत्तीसगढ़ सरकार ने आम जनता को उनके सपनों का वाहन खरीदने में मदद के लिए दी है। साथ ही वाहन कंपनियां भी छूट दे रही हैं। इसका ग्राहक जरूर लाभ उठाएं।

### राजधानी में चाकू लेकर घूमते दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 30 जनवरी।** पुलिस कमिश्नरेट रायपुर द्वारा असामाजिक तत्वों एवं अपराधियों के विरूद्ध लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में 28 जनवरी को एण्टी क्राईम एण्ड साइबर यूनिट रायपुर तथा थाना पण्डरी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थाना पंडरी क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों से प्राप्त सूचना के आधार पर अवैध रूप से धारदार चाकू लेकर घूम रहे 02 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चाकू जप्त किए गए। पुलिस टीम द्वारा दलदलसिवनी पानी टंकी के पास आरोपी ओम साहू को अवैध रूप से धारदार चाकू लेकर घुमते गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 नग धारदार चाकू जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना पण्डरी में अपराध क्रमांक 27/2026 धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई।

इसी प्रकार दलदलसिवनी स्थित चैतन्य स्कूल के पास आरोपी मुकेश धीवर उर्फ माइकल को अवैध रूप से धारदार चाकू लेकर घूमते गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 नग धारदार चाकू जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना पण्डरी में अपराध क्रमांक 28/2026 धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। आरोपी मुकेश धीवर उर्फ माइकल थाना पण्डरी का गुण्डा बदमाश है, जिसके विरूद्ध पूर्व में मारपीट, हत्या एवं आर्म्स एक्ट के आधा दर्जन से अधिक अपराध पंजीबद्ध है।

# छग के वैज्ञानिक अमित कुमार मेश्राम ने ग्रामीण प्रतिभा को दिया मंच

**रायपुर, 30 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के एक छोटे से गांव से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में आई KEUFT को वैज्ञानिक दिशा और अकादमिक समर्थन देने में छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के साइंटिस्ट-ई अमित कुमार मेश्राम की महत्वपूर्ण भूमिका सामने आई है।



स्वतंत्र शोधकर्ता कमल दास महंत, जिन्होंन KEUFT का प्रस्ताव रखा, उनके इस सैद्धांतिक शोध कार्य की वैज्ञानिक समीक्षा और अकादमिक मार्गदर्शन अमित कुमार मेश्राम द्वारा किया गया। यह शोध गुरुत्वाकर्षण, ऊर्जा, क्वांटम व्यवहार और ब्रह्मांडीय संरचना जैसे जटिल विषयों को एकीकृत दृष्टिकोण से समझने का प्रयास करता है।

श्री अमित कुमार मेश्राम, जो वर्तमान में Scientist-E, Department of Science & Technology, Government of Chhattisgarh के पद पर कार्यरत हैं, ने KEUFT के conceptual framework, mathematical direction और physical interpretation का अध्ययन कर इसे वैज्ञानिक विमर्श और सार्वजनिक वैज्ञानिक संवाद के लिए उपयुक्त बताया। इस कार्य के लिए अमित को सह लेखक भी रखा गया है KEUFT VOLUME II के लिए।

KEUFT से संबंधित शोध सामग्री Zenodo (CERN supported repository), OpenAIRE (European Commission supported infrastructure) जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है तथा ISBN-पंजीकृत पुस्तक के रूप में भी प्रकाशित की गई है। यह कार्य तेजी से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ध्यान आकर्षित कर रहा है।

श्री अमित कुमार मेश्राम का यह सहयोग दर्शाता है कि यदि अनुभवी वैज्ञानिक मार्गदर्शन और ग्रामीण पृष्ठभूमि से आए नवाचारकर्ताओं को अवसर मिले, तो भारत से विश्व-स्तरीय वैज्ञानिक विचार उभर सकते हैं।

वैज्ञानिक समुदाय का मानना है कि ऐसे वरिष्ठ वैज्ञानिकों का सहयोग देश में नई पीढ़ी के शोधकर्ताओं को प्रोत्साहन देने और वैज्ञानिक संस्कृति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। KEUFT को एक स्वतंत्र सैद्धांतिक शोध प्रस्ताव के रूप में देखा जा रहा है, जो आगे peer review, प्रयोगात्मक विश्लेषण और अकादमिक चर्चा के लिए खुला है।

# कुसमी में चैलेंजर कप क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन

**रायपुर, 30 जनवरी।** नगर पंचायत कुसमी, तहसील बेरला, जिला बेमेतरा में सन् 2026 के अंतर्गत आयोजित चैलेन्जर कप क्रिकेट प्रतियोगिता में भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी विशेष रूप से शामिल हुए। उनके आगमन पर आयोजक नवनिकेतन क्रिकेट क्लब एवं समस्त नगरवासियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि ग्राम कुसमी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नव निकेतन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ किया गया, जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रों की अनेक टीमों ने भाग लिया। क्लब एवं नगरवासियों के सामूहिक सहयोग से आयोजित यह प्रतियोगिता



युवाओं के लिए खेल, स्वास्थ्य और प्रतिभा प्रदर्शन का सशक्त मंच बनी इस अवसर पर भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनसे हाथ मिलाया।

# फर्जी दवाओं का खेल! एनएसयूआई ने ईओडब्ल्यू जाँच की उठाई मांग



**रायपुर, 30 जनवरी।** नकली दवाओं के गंभीर प्रकरण ने छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। मामले में असिस्टेंट ड्रग कंट्रोलर संजय नेताम पर आरोपी दवा व्यापारी से गुप्त बैठक करने के आरोप सामने आने के बाद एनएसयूआई (नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया) ने सख्त रुख अपनाया है और शासन प्रशासन से तत्काल कठोर कार्रवाई की मांग की है। एनएसयूआई के प्रतिनिधिमंडल ने इस संबंध में आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा के डीआईजी गोवर्धन ठाकुर से मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। संगठन ने आरोप लगाया कि यह मामला केवल भ्रष्टाचार का नहीं, बल्कि जांच में हस्तक्षेप, आरोपी से सांठगांठ और आम जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ से जुड़ा गंभीर अपराध है। इसके बाद एनएसयूआई कार्यकर्ता छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जसवाल के निवास पहुंचे और वहां भी औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। संगठन ने स्पष्ट कहा कि नकली दवाओं जैसे संवेदनशील मामले में यदि जिम्मेदार अधिकारी ही आरोपियों को संरक्षण देंगे, तो यह सीधे आम नागरिकों के जीवन के साथ खिलवाड़ है। एनएसयूआई ने चेतावनी दी है कि यदि दोषियों पर जल्द और कठोर कार्रवाई नहीं हुई, तो संगठन जनहित में सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। इस दौरान जिला अध्यक्ष शान्तनु झा के नेतृत्व में प्रदेश महासचिव निखिल बघेल, महामंत्री सूरज साहू, उपाध्यक्ष भोजराज, विमल साहू, अभिनव सोनकर, अथर्व, नवीन, अनिल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विप्र पब्लिक स्कूल के वार्षिक उत्सव में नन्हे बच्चों ने किया धमाल




**रायपुर, 30 जनवरी।** .छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र पब्लिक स्कूल के नवम वार्षिक उत्सव समारोह रेनबो में महापौर मीनल चौबे के मुख्य आतिथ्य एवं प्रो. एस.के. पांडेय (अध्यक्ष छत्तीसगढ़ शुल्क नियामक आयोग एवं पूर्व कुलपति ) के प्रमुख उपस्थिति में संपन्न हुआ।

वीपीएस के वार्षिक उत्सव के शुभारंभ अवसर पर मीनल चौबे ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बच्चे उत्साह और उमंग के साथ खेले, पढ़े और आगे बढ़े। पालकों को भी बच्चों को उनकी क्षमता के अनुसार विकसित होने का अवसर देना चाहिए। उन्होंने कहा अपनी इच्छाओं और आकांक्षाओं का बोझ बच्चों के नाजुक कंधों पर नहीं डालना चाहिए। वार्षिक उत्सव के दौरान आज जैसे खुशी और उल्लास का माहौल है, बच्चों को हर दिन और हर समय इसी प्रकार खुशी और उत्साह के साथ अपने काम करने के लिए प्रेरित करते रहें। प्रो. एस.के .पांडेय ने अपने उदबोधन में कहा कि बच्चों को सहज और स्वाभाविक रूप से सीखने का वातावरण प्रदान करने के लिए विप्र पब्लिक स्कूल का प्रयास सराहनीय है।

विप्र महाविद्यालय के बाद विप्र पब्लिक स्कूल बच्चों को न्यूनतम शुल्क में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। अतः शिक्षकों के साथ पालकों को भी अपनी जिम्मेदारी समझते हुए बच्चों को सही दिशा में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करें। छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने प्रबंध समिति, शिक्षक और पालकों के आपसी सामंजस्य द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रयास को सफल बनाने की अपील की। इस अवसर पर विप्र पब्लिक स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुबीर तिवारी, शिक्षण समिति के संचालक उमाकांत तिवारी, नगर पालिका निगम रायपुर एमआईसी सदस्य दीपक जायसवाल, पार्षद मीना ठाकुर एवं शासकीय डंगनिया स्कूल के प्राचार्या अल्का तिवारी ने भी बच्चों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26